www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 102.705g

चांदी 113,000kg

2 टैरिफ की चुनौतियों के बीच चीन से सहयोग की संभावनाएं

ट्रम्प का जापान पर अमेरिकी चावल खरीदने का दबाव 04

वर्ष :09 | अंक :71 | मुंबई , सोमवार , 01 सितम्बर 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

### दिल्ली में चार करोड़ रुपये से अधिक कीमत की हेरोइन बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस ने रविवार को दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर चार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन बरामद की है।एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने 29 अगस्त को दो चरणों में चलाए गए अभियान में लगभग 1.012 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सबसे पहले जहांगीरपुरी निवासी अफसाना (23) को भलस्वा डेयरी इलाके में गिरफ्तार किया गया और उसके पास से लगभग 300 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।पूछताछ के दौरान अफसाना ने उस व्यक्ति का नाम उजागर किया जिसने उसे हेरोइन दी थी। अधिकारी ने बताया कि इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी कर बुराड़ी इलाके से नरेंद्र (37) और उसकी पत्नी ज्योति (35) को गिरफ्तार किया। नरेंद्र को बुराड़ी स्थित परिवहन प्राधिकरण कार्यालय के पास से पकड़ा गया, जबकि ज्योति को उसके आवास से गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने बताया कि बुराड़ी स्थित उनके फ्लैट की तलाशी में कई जगहों पर छिपाकर रखी गई 712 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।पुलिस के अनुसार, जब्त किए गए मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत चार करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।

### हाथरस में कार व पिकअप वाहन की टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत

हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में एक कार और पिकअप वाहन की टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार, हाथरस शहर के ओढ़पुरा निवासी विष्णु शर्मा (25), दीपक (24) और अनस (24) सिकंदराराऊ से हाथरस की ओर कार से आ रहे थे और जब कार राजमार्ग पर कैलोरा के पास पहुंची तो सामने से आ रहे पिकअप वाहन से उसकी टक्कर हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसे में विष्णु शर्मा और दीपक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार चालक अनस गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल को इलाज के लिए एक अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बड़े अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। हादसे में पिकअप वाहन पलट गया और उसका चालक वहां से फरार हो गया। हाथरस जंक्शन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सतेंद्र सिंह राघव ने बताया कि कार सिकंदराराऊ की तरफ से आ रही थी और राजमार्ग पर गलत दिशा से आ रहे पिकअप वाहन से टक्कर हो गई।

# आतंकवाद से लड़ाई में भारत का साथ दे चीन : पीएम मोदी

**आपसी विश्वास और सम्मान से भारत-चीन संबंधों को आगे बढ़ाया जाएगा, पीएम मोदी ने शी जिनपिंग से की वार्ता**

**शिखर सम्मेलन**

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले साल कजान में उनकी बहुत ही उपयोगी चर्चा हुई थी जिसने भारत-चीन संबंधों को सकारात्मक दिशा दी।



एजेंसी

नई दिल्ली और बीजिंग के बीच संबंधों में सुधार की उम्मीद के साथ, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए चीन की दो दिवसीय यात्रा पर गए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले साल कजान में उनकी बहुत ही उपयोगी चर्चा हुई थी जिसने भारत-चीन संबंधों को सकारात्मक दिशा दी। उन्होंने आगे कहा कि सीमा पर सैनिकों की वापसी के बाद, शांति और स्थिरता का माहौल बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सीमा प्रबंधन को लेकर भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच एक समझौता हो गया है। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू कर दी गई है और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें भी बहाल की जा रही हैं। मोदी ने कहा कि दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हित उनके सहयोग से जुड़े हैं और यह पूरी मानवता के कल्याण में योगदान देगा। उन्होंने आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें चीन की सफल एससीओ अध्यक्षता के लिए बधाई दी।

**सात साल में पहली बार चीन के दौरे पर पीएम**

### प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में मानसून के कहर से हुई तबाही पर दुख जताया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 125वें एपिसोड में राष्ट्र को संबोधित किया।मन की बात के 124वें संस्करण में, प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष अन्वेषण, विज्ञान, खेल और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत की बढ़ती उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश भर में लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से हुई तबाही पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने इस प्राकृतिक आपदा के दौरान हुई जान-माल और बुनियादी ढाँचे के नुकसान पर दुख व्यक्त किया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा इस मानसून के मौसम में, प्राकृतिक आपदाएँ देश की परीक्षा ले रही हैं।

### रिश्तों में नरमी, लेकिन पुराने विवाद बरकरार

मोदी के चीन दौरे के बाद भारत और चीन के रिश्तों में नरमी के संकेत दिखे हैं।2020 की गलवान झड़प के बाद पहली बार दोनों देशों ने सीमा और व्यापार से जुड़े कई अहम मसलों पर सहमति बनाई है।लेकिन सीमा विवाद और पानी के मसले जैसे बड़े विवाद बने हुए हैं। आर्थिक दबाव और वैश्विक हालात ने दोनों को साथ बैठने पर मजबूर किया है, पर पूरी तरह भरोसा बनने में वक्त लग सकता है।

# 'एसआईआर के बाद बिहार में सभी मतदाताओं का नया मतदाता पहचान पत्र जारी होगा'

**नई तस्वीर का उपयोग रिकॉर्ड को अपडेट करने और नए मतदाता पहचान पत्र जारी करने के लिए किया जाएगा**

> निर्वाचन आयोग बिहार में एसआईआर का काम को पूरा कर लेने के बाद राज्य भर के मतदाताओं के लिए नया वोटर आईडी कार्ड जारी करेगा.





एजेंसी

नई दिल्ली : बिहार में मतदाता सूची को लेकर जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) काम के पूरा हो जाने के बाद निर्वाचन आयोग राज्य में सभी मतदाताओं को नए मतदाता पहचान पत्र जारी करने की योजना बना रहा है. उन्होंने कहा कि बिहार में हर मतदाता को एक नया पहचान पत्र जारी किए जाने की योजना है, लेकिन इस प्रक्रिया को कब और कैसे पूरा किया जाएगा इस पर अंतिम फैसला लिया जाना बाकी है. बताया जाता है कि जब मतदाताओं को गणना प्रपत्र दिए गए तो उनसे भरे हुए दस्तावेज अपनी नई तस्वीर के साथ जमा करने के लिए कहा गया. नई तस्वीर का उपयोग रिकॉर्ड को अपडेट करने और नए मतदाता पहचान पत्र जारी करने के लिए किया जाएगा. गौरतलब है कि एक अगस्त को प्रकाशित बिहार की मसौदा मतदाता सूची के मुताबिक राज्य में 7.24 करोड़ वोटर हैं. वहीं राज्य की अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी. साथ ही राज्य में विधानसभा चुनाव नवंबर में कराए जाने की उम्मीद है. वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को खत्म हो रहा है और उससे पूर्व नए सदन का गठन किया जाना जरूरी होगा. निर्वाचन आयोग के मुताबिक अभी तक गणना फॉर्म भरने वालों में से 99 प्रतिशत लोगों ने अपने दस्तावेज जमा कर दिए हैं. वहीं करीब 30 हजार लोगों ने वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए याचिका दायर की है क्योंकि उनके नाम मसौदा सूची में नहीं थे.इसके साथ ही बिहार पहला राज्य बन गया है जहां मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर भीड़ भाड़ कम करने के मकसद से हर मतदान केंद्र में मतदाताओं की संख्या 1500 से घटाकर अधिकतम 1200 कर दी गई है. वहीं राज्य में मतदान केंद्रों की संख्या 77 हजार से बढ़कर 90 हजार हो गई है. इसी प्रक्रिया को पूरे देश में लागू किया जाएगा. पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान देश में 10.5 लाख मतदान केंद्र थे.

**इस बारे में रविवार को जानकारी देते हुए अधिकारियों ने कहा कि नए मतदाता पहचान पत्र को कब जारी किया जाएगा, इस बारे में निर्वाचन प्राधिकरण के द्वारा अभी अंतिम निर्णय लिया जाना है.**

# फोटो खिंचवाने का मौका, जैकेट का रंग नहीं...

**पीएम मोदी-जिनपिंग की बैठक पर बोले असदुद्दीन ओवैसी**

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तियानजिन की दौरे पर पहुंचे हैं. इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात की.

एजेंसी

असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार (31 अगस्त, 2025) को तियानजिन में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात को लेकर बयान दिया है. उन्होंने पीएम मोदी और शी जिनपिंग की हुई बैठक को पूरी तरह से विफल करार दिया है. उन्होंने कहा कि जिन सवालों के जवाब की तलाश भारत के लोगों को थी, उन्हें इस बैठक से उनके जवाब नहीं मिले.असदुद्दीन ओवैसी ने पीएम मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार (31 अगस्त, 2025) को एक पोस्ट साझा किया. पोस्ट में ओवैसी ने कहा, चीन के राष्ट्रपति के साथ आज भारत के प्रधानमंत्री की बैठक उन महत्वपूर्ण सवालों के जवाब देने में विफल रही है जिनकी भारतीयों को तलाश थी. इसके अलावा, दुर्लभ मृदा और अन्य महत्वपूर्ण वस्तुओं की आपूर्ति फिर से शुरू करने के बारे में भी चीन ने कोई वादा नहीं किया है. न ही उसने कहा है कि वह भारत से और सामान आयात करेगा. ये वे मुद्दे हैं जो भारतीयों के लिए मायने रखते हैं, न कि फोटो खिंचवाने का अवसर, जैकेट का रंग या कालीन की लंबाई. दुख की बात है कि मोदी-शी जिनपिंग की बैठक ठोस मुद्दों पर कोई समाधान निकालने में विफल रही.



### पीएम मोदी और शी जिनपिंग की बैठक को लेकर क्या बोले ओवैसी?

**इस सूची में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को चीन का समर्थन और अफगानिस्तान में विस्तार करने का सवाल सबसे ऊपर है. हमने चीन की ओर जल विज्ञान संबंधी नदी डेटा साझा करने पर भी एक शब्द भी नहीं सुना है. लद्दाख में सीमा की स्थिति भी ऐसी है कि हमारे बहादुर सैनिक बफर जोन में गश्त नहीं कर सकते हैं और साल 2020 के बाद हमारे चरवाहों को कई क्षेत्रों में जाने की अनुमति नहीं है.**

## भारत की ग्रीन एनर्जी क्रांति का नया केंद्र बनेगा आंध्र प्रदेश, 2.5 लाख करोड़ का निवेश

**आंध्र प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं में 2.5 लाख करोड़ का निवेश तय. विशाखापट्टनम, कृष्णापट्टनम, काकीनाडा और तिरुपति में प्रोजेक्ट्स, राज्य बनेगा ग्रीन एनर्जी निर्यातक.**



विशाखापट्टनम/अमरावतीः आंध्र प्रदेश अब भारत की ग्रीन एनर्जी क्रांति का अग्रदूत बनने की तैयारी कर रहा है. करीब 974 किलोमीटर लंबा समुद्री तट, प्रमुख बंदरगाह और प्रचुर जल संसाधनों के बल पर राज्य तेजी से ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का केंद्र बन रहा है. राज्य सरकार के अनुसार, विशाखापट्टनम, कृष्णापट्टनम, काकीनाडा और तिरुपति में चल रही परियोजनाओं में अब तक 2.5 लाख करोड़ से अधिक का निवेश सुनिश्चित हुआ है. यदि ये योजनाएँ पूरी तरह साकार होती हैं

## उत्तराखंड- पावर प्रोजेक्ट टनल में फंसे 19 कर्मचारियों का रेस्क्यू

**राजस्थान में किले की दीवार ढही; पंजाब में दीवार गिरने से शख्स दबा, मौत**

> पंजाब में मानसा के जवाहरके गांव में बारिश के कारण ईंट भट्ठे के गोदाम की दीवार गिर गई। इसके नीचे दबकर साइकिल सवार किसान की मौत हो गई। राजस्थान के हनुमानगढ़ में स्थित भटनेर दुर्ग की दीवार बारिश की वजह से ढह गई।



पिथौरागढ़, उत्तराखंड

एजेंसी

उत्तराखंड । पिथौरागढ़ में धौलीगंगा पावर प्रोजेक्ट की टनल में फंसे 19 कर्मचारियों को रविवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शनिवार को लैंडस्लाइड के चलते टनल का रास्ता बंद हो गया था। उधर पंजाब के आठ जिलों के 1018 गांवों में बाढ़ की स्थिति है। बाढ़-बारिश में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं। 11 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया हैउधर आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने रविवार को एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सितंबर में उत्तराखंड में लैंडस्लाइड और बाढ़ का खतरा बना हुआ है।अगले महीने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सितंबर में सामान्य (167.9 मिमी) से ज्यादा बारिश होगी।

**पंजाबः बाढ़ का कहर जारी, ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ा**

पंजाब में इस समय सतलुज, ब्यास और रावी नदियां अपने उफान पर हैं। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश के चलते नदियों में बाढ़ का पानी बढ़ा है। इससे स्थिति और बिगड़ रही है।

**यूपी: फर्रुखाबाद में सड़क बही, ग्रामीओं ने अस्थाई पुल बनाया**

फरुर्खाबाद में गंगा नदी उफान पर है।50 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। भुढ़िया भेड़ा में सड़क बाढ़ में बह गई। इसके बाद ग्रामीण नाव से आवागमन कर रहे थे, लेकिन तेज बहाव के कारण दिक्कतें आ रही थीं।

### चेन्नई में बादल फटने से एक घंटे में हुई 100 मिमी बारिश, कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी

चेन्नईः निजी मौसम विज्ञानी प्रदीप जॉन ने बताया है कि बादल फटने के कारण कल रात एक घंटे में चेन्नई में 100 मिमी बारिश दर्ज की गई. चेन्नई और उसके उपनगरों में 30 अगस्त की रात 10 बजे से 11 बजे तक तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई. खास तौर पर, चेन्नई के रॉयपुरम, परिमुनई, वडापलानी, नुंगमबक्कम और कोयम्बेडु जैसे इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई.

## गांव हो या शहर, हर इलाके को स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़ रही मोदी सरकारः अहमदाबाद में बोले अमित शाह

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के ओगणज और चांदलोडिया में शहरी स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण किया.**

> केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के प्रसिद्ध श्री भद्रकाली माता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की. इसके बाद सरदारबाग गार्डन का उद्घाटन भी किया.

- अमित शाह ने सोशल मीडिया पर कहा कि मोदी सरकार देश के हर कोने को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़ रही है.
- उन्होंने अहमदाबाद के प्रसिद्ध भद्रकाली माता मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की और भाजपा कार्यकर्ताओं से भी मिले.



एजेंसी

अहमदाबादः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद दौरे के दौरान शहरी स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण किया. उन्होंने इस कार्यक्रम से संबंधित तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की और एक्?स पर लिखा कि सुदूर गांव हो या शहरी क्षेत्र, मोदी सरकार देश के हर कोने को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़ रही है. इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री ने अहमदाबाद के प्रसिद्ध श्री भद्रकाली माता मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की. इस दौरान मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखा गया, जिसमें भारी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी. पूजा-अर्चना के बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की ।

**मनोनीत** | **कांग्रेस नेताओं का जताया आभार**

# मोहम्मद अजहरुद्दीन तेलंगाना विधान परिषद के लिए मनोनीत



> तेलंगाना कैबिनेट ने मोहम्मद अजहरुद्दीन और प्रोफेसर एम. कोडंडाराम को विधान परिषद सदस्य के रूप में मनोनीत किया है, यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश और पिछली कानूनी चुनौतियों के बाद आया है। राज्यपाल कोटे के तहत हुए ये नामांकन, तेलंगाना की राजनीति में एमएलसी नियुक्तियों पर गहन कानूनी जांच और विवादों के इतिहास को दशार्ते हैं। यह घटनाक्रम तेलंगाना विधान परिषद के लिए एक नई राजनीतिक दिशा तय कर रहा है।

एजेंसी

नयी दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन को तेलंगाना में राज्यपाल कोटे के तहत विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के रूप में मनोनीत किया गया है।उन्होंने कैबिनेट के इस फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए इसे 'सम्मानित और विनम्र' करने वाला क्षण बताया। अजहरुद्दीन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल का आभार व्यक्त किया।उन्होंने इन नेताओं के विश्वास के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।साथ ही, उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, टीपीसीसी प्रमुख महेश गौड़ और तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन को भी उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और राज्य की 'ईमानदारी और समर्पण' के साथ सेवा करने का वादा किया। शनिवार, 30 अगस्त को, तेलंगाना कैबिनेट ने विधान परिषद के लिए दो नामों को मंजूरी दी, जिनमें प्रोफेसर एम. कोडंडाराम और मोहम्मद अजहरुद्दीन शामिल हैं। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद आया है, जिसमें तेलंगाना जन समिति के संस्थापक कोडंडाराम और द सियासत डेली के समाचार संपादक आमेर अली खान के पिछले नामांकन रद्द कर दिए गए थे। इन नामांकनों को भारत राष्ट्र समिति (इफर) के नेताओं दासोजू श्रवण और कुर्रा सत्यनारायण ने कानूनी चुनौती दी थी। उनकी सिफारिशों को 2023 में तत्कालीन राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने उनकी राजनीतिक संबद्धता के कारण खारिज कर दिया था। मार्च 2024 में, तेलंगाना उच्च न्यायालय ने राज्यपाल के फैसले को रद्द कर दिया था, और साथ ही कोडंडाराम और खान को नामित करने के कैबिनेट के फैसले को भी अमान्य घोषित कर दिया था। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि उच्च न्यायालय के फैसले के बाद दोनों को शपथ नहीं दिलाई जानी चाहिए थी। अजहरुद्दीन का नामांकन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विधायक मगंती गोपीनाथ के निधन के बाद जुबली हिल्स उपचुनाव के लिए उन्हें पहले कांग्रेस का संभावित उम्मीदवार माना जा रहा था। अजहरुद्दीन ने 2023 के विधानसभा चुनाव में इसी सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

# गृहमंत्री अमित शाह केवल बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने जम्मू-कश्मीर आ रहे हैं : उमर अब्दुल्ला



- मुख्यमंत्री ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमीनी स्थिति की समीक्षा करने के बाद उधमपुर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वह राजभवन में बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री को एक विस्तृत रिपोर्ट देंगे।

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस सप्ताह की शुरूआत में जम्मू-कश्मीर में बादल फटने और रिकॉर्ड बारिश के कारण आई अचानक बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को यह जानकारी दी। शाह का रविवार शाम दो दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचने और सोमवार को राजभवन में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने से पहले बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने का कार्यक्रम है। अधिकारियों के मुताबिक 14 अगस्त से अब तक किश्तवाड़, कठुआ, रियासी और रामबन जिलों में बादल फटने, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण 130 से अधिक लोग मारे गए और 120 से अधिक घायल हो गए, जबकि 33 लापता हैं। अब्दुल्ला ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री केवल भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ के बाद की स्थिति का आकलन करने और केंद्र से हमारी आवश्यकताओं (संकट से निपटने के लिए) को देखने के लिए यहां आ रहे हैं। उनका कोई अन्य उद्देश्य नहीं है और वह सुरक्षा या विकास की समीक्षा के लिए नहीं आ रहे हैं।

# टैरिफ की चुनौतियों के बीच चीन से सहयोग की संभावनाएं

**प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से अधिक दिलचस्पी लोगों को उनकी चीन यात्रा को लेकर है। प्रधानमंत्री मोदी चीन में शंघाई सहयोग संगठन में हिस्सा लेने के लिए जापान के बाद वहां पहुंचे हैं। यह उनकी सात वर्षों बाद होने वाली चीन यात्रा है। भारत और चीन के संबंध 2020 में लद्दाख की गलवन घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच खूनी झड़प के बाद से बिगड़ गए थे।**

पा अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बाद तेजी से बदले वैश्विक वातावरण में अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत से चिढ़कर जिस तरह सबसे अधिक 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया, उसका सामना करने के लिए मोदी सरकार ने कमर कस ली है। उनकी जापान और चीन यात्रा को इसी सिलसिले में देखा जा रहा है। भारतीय प्रधानमंत्री की जापान और चीन यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। इस पर पूरी दुनिया की निगाह है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन पर भी मनमाना टैरिफ लगाया था, लेकिन जब उसने प्रतिकार किया तो वे उसे कम करने और उससे वार्ता करने को बाध्य हुए। वे इसलिए भी बाध्य हुए, क्योंकि अमेरिका को अपनी अर्थव्यवस्था चलाने के लिए चीन की सख्त जरूरत है। अमेरिका ने टैरिफ के मामले में जापान से भी समझौता किया, पर वह खटाई में पड़ गया। जापान उन शर्तों को पूरा करने पर सहमत नहीं, जो ट्रंप ने उस पर लगाई थीं। एक शर्त के अनुसार जापान को अमेरिका में 550 अरब डालर का निवेश करना था। जापान इस निवेश को लेकर असमंजस में है। इन्हीं स्थितियों में जापान ने भारत में निवेश करने की एक बड़ी पहल की है। जापानी कंपनियों ने अगले 10 वर्षों में छह लाख करोड़ रुपये निवेश करने पर सहमति जताई है। यह सहमति भारतीय अर्थव्यवस्था को बल प्रदान करने वाली है। वैसे तो भारत और जापान के रिश्ते पहले से ही प्रगाढ़ रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि मौजूदा हालात में वे और अधिक मजबूत होने वाले हैं। प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से अधिक दिलचस्पी लोगों को उनकी चीन यात्रा को लेकर है। प्रधानमंत्री मोदी चीन में शंघाई सहयोग संगठन में हिस्सा लेने के लिए जापान के बाद वहां पहुंचे हैं। यह उनकी सात वर्षों बाद होने वाली चीन यात्रा है। भारत और चीन के संबंध 2020 में लद्दाख की गलवन घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच खूनी झड़प के बाद से बिगड़ गए थे। हाल में वे कुछ सुधरे हैं। देखना यह है कि भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात के बाद इन संबंधों में कितना सुधार आता है? चीन भी अमेरिका के रवैये के कारण भारत से संबंध सुधारने का इच्छुक है। वह भारत से आर्थिक मोर्चे पर कुछ ऐसे समझौते चाहता है, जिससे अमेरिकी चुनौती का सामना किया जा सके। निश्चित रूप से भारत को भी इस समय चीन की जरूरत है। इसका एक कारण तो अमेरिकी राष्ट्रपति का भारत विरोधी रवैया है और दूसरा, हमारे आर्थिक विकास में चीन का सहयोग महत्वपूर्ण होना है। भारत और चीन के रिश्ते आजादी के बाद से ही उलझे रहे हैं। इन संबंधों में उतार-चढ़ाव आता रहा है।



चीन ने भारत के हिंदी-चीनी भाई-भाई नारे की आड़ में भारतीय हितों पर कई बार आघात किया है। 1962 के युद्ध के बाद वह हमारे एक भूभाग को दबाए बैठा है और अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा करता रहता है। पहले डोकलाम और फिर गलवन घाटी की घटना के बाद भारत में चीन के प्रति संदेह बढ़ा है। भारत चीन को एक विस्तारवादी देश मानता है। इस मान्यता के पीछे कुछ ठोस कारण हैं। वास्तव में उसकी विस्तारवादी नीति भारत के संदेह का एक बड़ा कारण है। इसके बाद भी इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के आर्थिक-व्यापारिक रिश्ते बहुत आगे बढ़े हैं। भारत का शायद ही कोई सेक्टर हो, जो चीनी सामग्री आयात न करता हो। इसी कारण भारत का आयात बिल बढ़ता जा रहा है। भारत और चीन के बीच व्यापार का पलड़ा चीन के पक्ष में झुका हुआ है। भारत तमाम प्रयासों के बाद भी चीन के साथ अपने व्यापार घाटे को कम नहीं कर पा रहा है। चीन भी इस दिशा में कुछ करने के लिए तैयार नहीं दिखता। उसका यह रवैया भी उसके प्रति संदेह को बढ़ाता है। जब-जब चीन के साथ रिश्ते खराब होते हैं, तब-तब देश में स्वदेशी की आवाज उठती है और कुछ लोगों एवं संगठनों की ओर से चीनी वस्तुओं के बहिष्कार की बातें भी की जाती हैं, लेकिन सच यही है कि स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की पहल ने कोई खास असर नहीं दिखाया है। कोविड महामारी के समय और फिर गलवन घाटी की घटना के बाद स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की बातें तो खूब की गईं, लेकिन बात बनी नहीं। अभी जब अमेरिका के साथ रिश्ते खराब हुए, तब प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, दोनों ने स्वदेशी की पक्षधरता की, लेकिन हमारे छोटे-बड़े उद्योगपति आनन-फानन स्वदेशी की राह पर चलने में सक्षम नहीं दिख रहे हैं। यह वह हकीकत है, जिसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। एक हकीकत यह भी है भारत में आवश्यक भारी मशीनों, रसायनों, उच्च तकनीक आदि की कमी है। इन सबकी आपूर्ति चीन से होती है। चीनी वस्तुओं पर भारत की निर्भरता और चीन के दुनिया का कारखाना बनने के पीछे कारण यह है कि वह विश्व के लिए आवश्यक तमाम सामग्री का बड़े पैमाने पर उत्पादन करता है। उसने गुणवत्ता के मामले में भी सुधार किया है और उसकी वस्तुएं सस्ती भी पड़ती हैं। उसने उच्च तकनीक भी हासिल कर ली है। यह वह एक और कारण है, जिसके चलते भारत के तमाम उद्योग चीन पर अपनी निर्भरता खत्म नहीं कर पा रहे हैं। भारत को अपने तेज आर्थिक विकास और आधारभूत ढांचे को बेहतर बनाने के लिए जिस तकनीक, सामग्री और आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है, वह चीन उपलब्ध कराने में समर्थ है, लेकिन भारत उससे अधिकाधिक सहयोग तभी ले सकता है, जब दोनों देशों के रिश्ते बेहतर हों। इसके लिए भारत को भी सक्रिय होना होगा और चीन को भी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बेतुके रवैये ने भारत को एक अवसर प्रदान किया है। भारतीय प्रधानमंत्री की चीन यात्रा को इसी अवसर को भुनाने के संदर्भ में देखा जा रहा है। जापान में भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है। यदि चीन इस साझेदारी के महत्व को समझ सके तो भारत के साथ-साथ उसे भी लाभ होगा। चीन के इरादों की थाह लेते हुए भारत की पहली प्राथमिकता अपने आर्थिक विकास को तेज गति देने की होनी चाहिए। इसलिए होनी चाहिए, क्योंकि भारत को आर्थिक विकास के मोर्चे पर अभी बहुत कुछ करना है।

## सम्पादकीय

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के शताब्दी संदेश से बहुत कुछ प्रेरणा ले सकती है भाजपा

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत जब भी कुछ बोलते हैं उसे बिना कुछ सोचे समझे देश की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी से संबंधित मान लिया जाता रहा है। ऐसे में इस बार भी उन्होंने विज्ञान भवन में जो कुछ कहा है, उसे बीजेपी से ही जोड़कर देखा ही जाएगा। सर्वप्रथम, उनका यह कहना महत्वपूर्ण है कि हिंदू राष्ट्र का सत्ता से कोई लेना-देना नहीं', बल्कि इसके बड़े मायने हैं। ऐसे समय में जब देश में हिंदूवादी राजनीति अपने शिखर पर है, मोहन भागवत द्वारा दिया गया यह भाषण बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। वाकई जब वे कहते हैं कि हिंदू राष्ट्र शब्द का सत्ता से कोई मतलब नहीं है, तो इसके गहरे सियासी निहितार्थ हैं। क्योंकि प्रायः भाजपा सरकार पर विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि वह इस विचारधारा को सत्ता पाने और उसमें बने रहने के औजार के रूप में इस्तेमाल करती है। कहना न होगा कि संघ बीजेपी को समय समय पर वैचारिक खुराक व प्रबुद्ध दिशानिर्देश देता रहा है। यही वजह है कि अपने तमाम मतभेदों के बावजूद संघ और बीजेपी एक बिंदु पर जाकर एक हो जाते हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि भागवत का कथन सिर्फ शब्दों का खेल नहीं है, बल्कि संघ की मूल वैचारिक धारा की वह सहज और सरल अभिव्यक्ति है, जो देश में सत्तासीन बीजेपी नीत एनडीए सरकार के लिए एक माकूल दिशा का निर्धारण भी करता है। ऐसे में सीधा सवाल यह है कि संघ प्रमुख के इस बयान के मायने क्या हैं? क्या यह सीधे-सीधे वक्त-वेवक्त लीक से भटकती दिखाई देतीबीजेपी नेताओं को संदेश देता है? यूँ तो 21वीं सदी के महान किंगमेकर मोहन भागवत समय समय पर नीतिगत बातें स्पष्ट करते रहते हैं। ऐसे में उनका यह ताजा बयान भी ऐसे समय पर आया है जब इंडिया गठबंधन रूपी बिखरा विपक्ष भाजपा पर निरंतर यह आरोप मढ रहा है कि वह बहुसंख्यकवाद और ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे रही है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि उनकी दूरदर्शिता के बदौलत ही भाजपा लगातार तीसरी बार केंद्र में सत्तासीन है। इसके अलावा कई अन्य राज्यों में भी उसके हाथ में सूबाई सत्ता की ताकत है। लिहाजा, संघ प्रमुख का यह कहना कि हिंदू राष्ट्र का अर्थ सत्ता से नहीं है, एक राजनीतिक संतुलन साधने की कवायद के रूप में भी देखा जा सकता है। इससे स्पष्ट होता है कि संघ अब बीजेपी को हिंदू राष्ट्र के मुद्दे को थोड़ा नरम करके चलने का संकेत देना चाहता हो। चूंकि परिवर्तन सृष्टि का शाश्वत नियम है। इसलिए संघ की सोच-समझ में समयानुसार नीतिगत सुधार अपेक्षित है। ऐसे में जो आरएसएस अपनी स्थापना के शुरूआती दिनों से ही हिंदू राष्ट्र की बात पर मुखर रहा है, वह भी नरम हो रहा है। बता दें कि सदाशिव गोलवलकर, जिन्हें गुरुजी कहा जाता है, ने इसे परिभाषित करते हुए कहा था कि भारत की आत्मा हिंदू है

## आज का विचार




## राशिफल

**मेष राशि** : दिन कारोबार के मामले में अच्छा रहने वाला है और प्रॉपर्टी से संबंधित क्षेत्रों में उत्तम लाभ मिलने के योग हैं। इसी के चलते आपका मन प्रसन्न रहेगा। राजनीतिक क्षेत्र में भी लाभ मिलने के योग हैं और शासन द्वारा सम्मानित किया जा सकता है। साथ ही, आपकी लोकप्रियता में भी वृद्धि होगी और परिवार का आशीर्वाद बना रहेगा।

**वृषभ राशि** : कार्यक्षेत्र में आपको विरोधियों से सावधान रहना होगा और कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना बेहतर रहेगा। हालांकि, जरूरी कार्यों को आप अपनी क्षमता और बुद्धिमानी से पूरा कर लेंगे। व्यापार के क्षेत्र में कामकाज के सिलसिले में यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**मिथुन राशि**: आर्थिक मामलों में दिन अच्छा रहने वाला है और अगर आपका धन लंबे समय से कहीं फंसा हुआ था, तो वह अब वापस मिल सकता है। साथ ही, धन लाभ के भी शुभ योग बनेंगे। कार्यक्षेत्र में बुद्धि और विवेक के साथ लिए गए निर्णयों से उत्तम लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कर्क राशि**: कार्यक्षेत्र में आपको कार्यों को सफल बनाने के लिए अधिक मेहनत और प्रयास करने पड़ सकते हैं। गंभीरता से हर काम करने की आवश्यकता पड़ सकती है। वहीं, भौतिक सुख के साधनों पर धन अधिक खर्च हो सकता है।

**सिंह राशि**: कार्यक्षेत्र में आपको आत्मविश्वास के साथ कोई भी कार्य करना होगा। प्रयासों और कड़ी मेहनत से आपको हर कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। अगर कार्यस्थल पर लंबे समय से आपके काम बीच में रुके हुए थे तो अब वे पूरे हो सकते हैं। लेकिन इसके लिए आपको थोड़ा खर्च भी करना पड़ सकता है।

**कन्या राशि** : आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा, जिससे काम आसान होंगे। कार्यक्षेत्र में कार्य कुशलता से उत्तम लाभ प्राप्त होगा। साथ ही, आपको अपने हर काम में सफलता प्राप्त होगी।

**तुला राशि** : शिक्षा के क्षेत्र में मिलेगी सफलताविद्यार्थियों की शिक्षा के क्षेत्र में रुचि बढ़ेगी और आपको इस दिशा में कुछ परिवर्तन देखने को भी मिल सकते हैं। नए काम सीखने की कोशिश कर सकते हैं, जिसमें सफलता भी प्राप्त होगी।

**वृश्चिक राशि** : कार्यक्षेत्र में हर काम धैर्य और बुद्धिमानी के साथ करने से आप हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं। साथ ही, विरोधी भी परास्त रहेंगे। लेकिन आर्थिक मामलों में खर्चे अधिक बढ़ने की संभावना बनी हुई है। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का भी प्लान बना सकते हैं

**धनु राशि** : विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी और बुद्धि-ज्ञान में भी वृद्धि होने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन प्रयास और मेहनत करने से आपकी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर राशि** : आपको अपने बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद और सहयोग के चलते धन लाभ होने की संभावना है। लेकिन कार्यस्थल पर आपको किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक सलाह देने से बचना होगा, अन्यथा परेशानी खड़ी हो सकती है।

**कुंभ राशि** : दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है और आमदनी बढ़ाने के लिए किए प्रयास सफल रहेंगे। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी और श्रेष्ठ मार्गों से धन प्राप्त हो सकता है। भाग्य का भी आपको पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आपको हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी और मित्रों का सहयोग मिलने से संतुष्टि महसूस होगी। आपके कुछ नए मित्र भी बन सकते हैं।

**मीन राशि** : आपकी संपत्ति में वृद्धि होने के योग हैं और ननिहाल पक्ष से भी मान-सम्मान प्राप्त होगा। इसी के चलते आपका मन प्रसन्न रहेगा। लेकिन नौकरी करने वालों को विरोधियों से सावधान रहना होगा, क्योंकि वे आपके खिलाफ कोई प्लान बना सकते हैं। ऐसे में सतर्क रहना जरूरी होगा। हालांकि, परिवार में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा और जीवन में खुशियां आएंगी।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# अर्थतंत्र की ताकत और विज्ञान की भूमिका राष्ट्र के विकास के लिए सर्वोपरि

**संजीव ठाकुर**

वर्तमान समय में वैश्विक प्रगति और आर्थिक स्रोत तंत्र के लिए आधुनिक तथा वैज्ञानिक शिक्षा जरूर अत्यंत आवश्यक है। हमे केवल आधुनिक विचारधारा शिक्षा पद्धति पर निर्भर न रहकर अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और सनातन संस्कृति के धरातल से जुड़ना होगा। तब जाकर सनातनी सांस्कृतिक,विचारधारा एवं आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति का संतुलन यथोचित तरीके से हो पाएगा। भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों पुराणों और सनातनीं संस्कारों में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण तैयार किया है और वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे। प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य



अपना जीवन प्रारंभ कर विकास तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, आत्म विश्वासके घटक मौजूद हों। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास की सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रही है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को एक दिन,वर्ष या दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी,लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है।

# गाइए गणपति जगवंदन, शंकर सुवन भवानी के नंदन

**(पवन वर्मा)**

हमारे लोकजीवन, लोकाचार और लोकसाहित्य में गणेशजी को मंगलदाता एवं विघ्न-विनाशक के रूप में स्मरण किया जाता है। मंगलमूर्ति गणेशजी हमारे लोकजीवन में पूर्णरूप से रमे हुए हैं। सर्वपूज्य, परम पूज्य और कुशलता के प्रतीक हैं। वे समस्त ऋद्धियों और सिद्धियों के दाता हैं। मोदकप्रिय होने से उन्हें 'मोदकप्रिय मुद मंगलदाता' कहा गया है। लोकजीवन में गणेशजी इतने समाविष्ट हैं कि हम कोई भी कार्य को प्रारंभ करने के लिए 'श्री गणेश कीजिये' कहते हैं। 'श्री गणेश करना' एक मुहावरा बन गया है। यात्रा पर जाते समय 'जय सिद्धि गणेश' कहते हैं और गणेशजी हमारी यात्रा मंगलमय करते हैं। गृहप्रवेश, विद्या आरंभ करते समय गणेशजी का स्मरण, पूजन और अर्चना की जाती है, उनकी स्थापना की जाती है। ऐसा लोकविश्वास है कि गणेशजी की पूजा करने से हमारी समस्त विघ्न-बाधाएं दूर होती हैं। अतः अनेक शुभकारी नामों को धारण करने वाले गजानन गणेश के पूजन की परम्परा भारतीय लोकजीवन में सनातन और अखंड है। समाज में, परिवार में या मंदिरों में उनकी पूजा-अर्चना को मांगलिकता का प्रतीक माना जाता है। यह लोकमान्यता है कि वह शीघ्र शुभ फलदाता देवता हैं और उनके दर्शन मात्र से मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। अतः पर्वों, समारोहों, सहभोजों, यात्रागमन आदि अवसरों पर प्रथम पूज्य गणेशजी की पूजा-अर्चना की जाती है। यद्यपि दीपावली पर लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है, लेकिन शुभ और लाभ के दाता तो गणेशजी ही हैं, अतः लक्ष्मीजी के साथ गणेशजी की मूर्ति मिलती है तथा युगलमूर्ति की पूजा की जाती है। संस्कार समारोहों में जहां माता गौरी की स्थापना की जाती है, वहीं जलभरे कलश या मंगल कलश में गणेशजी की प्रतिमा रखी जाती है। यह प्रतिमा मिट्टी या गौ के गोबर से बनायी जाती है। इस प्रकार गौरी-गणेश पूजन के बाद ही मंगल कार्य सम्पन्न किया जाता है। विद्या आरंभ करते समय बालक से 'श्री गणेशाय नमः' लिखवाया जाता है। सेठ-साहूकार अपने बहीखातों में भी प्रारंभ में 'श्री गणेशाय नमः' लिखते हैं।

भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी पावन पर्व गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश में उसे 'बहुल चौथ' के रूप में मनाया जाता है। अवधी भाषा में बहुरा या बहुला का अभिप्रायः 'गया हुआ' होता है, अर्थात जिसके आने की उम्मीद न हो। गणेशजी की उत्पत्ति भी इसी प्रकार हुई थी। उनका सिर कट गया था और फिर हाथी का सिर लगाये जाने पर पुनर्जीवित हुए। लोकमानस ने इस पर्व का नाम इस प्रकार रखकर गणेश जन्म के पौराणिक तथ्य को सहजता से निरूपित किया है। स्कंदपुराण में श्रीकृष्ण-युधिष्ठिर संवाद के अनुसार भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी की विशेष महिमा है। उस दिन की आराधना से गणेशजी अपने आराधकों के समस्त कार्यकलापों में सिद्धि प्रदान करते हैं। अतः उनका नाम 'सिद्धि-विनायक' हो गया है-

सिद्धियन्ति सर्व कार्यणि मनसा चिन्तितान्यपि।
तेन ख्याति गतो लोके, नाम्ना सिद्धि विनायक॥

महात्मा तुलसीदास जी कृत गणेश स्तुति तो समस्त जनजीवन में व्याप्त है।

गाइए गणपति जगवंदन, शंकर सुवन भवानी के नंदन।
सिद्धि सदन गजवदन विनायक, कृपा सिन्धु सुंदर सब लायक।

गणेशजी पांच तत्वों से समन्वित रूप हैं। ये पांच तत्व हैं- पराक्रम, आनंद, बुद्धि, कृषि और व्यवसाय। नेतृत्व के गुणों के कारण उन्हें गणपति, गणाधिपति, गणधिप, गणेश आदि नामों से पुकारा जाता है। उनका दूसरा रूप विघ्नहर्ता और मंगलदाता है। वे बुद्धि के निधान और पराक्रम के पुंज हैं।

# बुजुर्ग महिला को 'डिजिटल अरेस्ट' करके 1.25 करोड़ रुपये हड़पे, मुंबई पुलिस ने जलगांव से 2 मददगार अरेस्ट

देश की आर्थिक राजधानी में साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। मुंबई पुलिस के साइबर सेल ने जलगांव से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर एक 72 वर्षीय महिला को 'डिजिटल अरेस्ट' करके उससे लगभग 1.25 करोड़ रुपये ठगने वाले जालसाजों की मदद करने का आरोप है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई: देश की आर्थिक राजधानी में साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। मुंबई पुलिस के साइबर सेल ने जलगांव से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर एक 72 वर्षीय महिला को 'डिजिटल अरेस्ट' करके उससे लगभग 1.25 करोड़ रुपये ठगने वाले जालसाजों की मदद करने का आरोप है। रोहित सोनार और हितेश पाटिल नाम के इन आरोपियों ने अपने बैंक खातों का इस्तेमाल जालसाजों को पैसे भेजने के लिए करने दिया। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है। क्या है पूरा मामला ?पुलिस ने बताया कि 18 अगस्त को महिला को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और उसने खुद को पुलिस उपायुक्त संजय अरोड़ा बताया। अधिकारी ने बताया कि फोन करने वाले शख्स ने महिला पर धन शोधन जैसे गंभीर अपराधों में शामिल होने का आरोप लगाया और उन्हें पैसे देने या परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा।

### घबराई महिला से लगभग 1.25 करोड़ की ठगी

उन्होंने बताया कि घबराई महिला ने लगभग 1.25 करोड़ रुपये अलग-अलग बैंक खातों में भेज दिये हालांकि रुपये भेजने के बाद उन्हें पता चला कि कोई आधिकारिक जांच नहीं हो रही है, जिसके बाद उन्होंने साइबर प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज कराई।मामले की जांच में जुटी पुलिसअधिकारी ने बताया कि पुलिस को पता चला कि राशि का एक हिस्सा रोहित सोनार के खाते में जमा किया गया था

# मराठा आरक्षण आंदोलनकारी मनोज जरांगे का भूख हड़ताल तेज करने का ऐलान, कहा- पानी भी नहीं पिएंगे

मराठा आरक्षण के लिए मनोज जरांगे पाटिल ने आक्रामक रुख अपनाया है। वह ओबीसी कोटे से मराठा आरक्षण दिए जाने की मांग पर अड़े हैं। इसके लिए मराठों ने मुंबई के आजाद मैदान में एल्गार का आह्वान किया है। आज मनोज जरांगे पाटिल इस लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं और अब और भी आक्रामक हो गए हैं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई: मराठा आरक्षण के लिए मनोज जरांगे पाटिल ने आक्रामक रुख अपनाया है। वह ओबीसी कोटे से मराठा आरक्षण दिए जाने की मांग पर अड़े हैं। इसके लिए मराठों ने मुंबई के आजाद मैदान में एल्गार का आह्वान किया है। आज मनोज जरांगे पाटिल इस लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं और अब और भी आक्रामक हो गए हैं। गुरुवार से भूख हड़ताल शुरू हो गई है। रविवार को भूख हड़ताल का तीसरा दिन है। आज उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो भूख हड़ताल और भी कड़ा कर दिया जाएगा। जरांगे ने कहा है कि वह कल से पानी भी ग्रहण नहीं करेंगे।

### जरांगे ने क्या कहा?

मराठा आंदोलनकारी मनोज जरांगे ने कहा कि कल यानी सोमवार से भूख हड़ताल और भी कड़ा कर दिया जाएगा। कल और आज मैंने पानी पिया, लेकिन सोमवार से मैं पानी नहीं लूंगा। मैं पानी पीना बंद कर दूंगा। सरकार सुन नहीं रही है। इसलिए मैं भूख हड़ताल और भी कड़ा करूंगा। इसके साथ ही उन्होंने मराठों से अपील करते हुए कहा कि मराठा युवा ऐसा कदम न उठाएं जिससे उनका सिर झुक जाए। सभी को शांत रहना चाहिए। उन्हें कोई भी अन्याय या अत्याचार करने दें। जरांगे ने सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि वह बिना आरक्षण लिए मुंबई नहीं छोड़ेंगे।

### महाराष्ट्र में मराठा किसी को पैसा नहीं देना चाहते-जरांगे

जरांगे ने यह भी कहा कि अगर किसी को रेनकोट या छाता चाहिए, तो एक भी रुपया न दें। कुछ लोगों ने व्यवसाय शुरू कर दिया है। वे समाज के नाम पर कमाई कर रहे हैं। रेनकोट बांटने के नाम पर पैसा जमा न करें। मैं यह आखिरी बार कह रहा हूं। महाराष्ट्र में मराठा किसी को पैसा नहीं देना चाहते। केवल गरीबों की सेवा करना चाहते हैं। कुछ लोग समाज की मदद करने के बजाय पैसा छापने की कोशिश कर रहे हैं।

फास्ट ट्रैक

## वसई विरार मनपा आयुक्त सूर्यवंशी की पहल से सात दिन की बच्ची को मिला जीवनदान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नालासोपारा पूर्व के नागिनदासपाड़ा स्थित वसई-विरार महानगरपालिका के अस्पताल में एक 7 दिन की समयपूर्व जन्मी बच्ची को भर्ती कराने में मुश्किल हो रही थी क्योंकि बेड उपलब्ध नहीं था। बच्ची की मां डहाणू से आई थीं। स्थिति गंभीर थी तभी महानगरपालिका आयुक्त मनोज सूर्यवंशी अचानक अस्पताल पहुंचे। परिजनों से जानकारी मिलने पर उन्होंने तुरंत बेड की व्यवस्था करवाई। आयुक्त की सहयोग से बच्ची और मां को समय पर इलाज मिल सका।

## रमाबाई अपार्टमेंट में रहनेवालों को आर्थिक मदद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



वसई-विरार शहर महानगरपालिका के आयुक्त मनोजकुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में महापालिका प्रशासन द्वारा रमाबाई अपार्टमेंट की दुर्घटनाग्रस्त इमारत में रहने वाले 27 लोगों को भोगवटा( हिस्सेदारी )प्रमाणपत्र वितरित किए गए। साथ ही, इस दुर्घटना से प्रभावित 59 परिवारों को प्रत्येक को 20,000 की आर्थिक सहायता के चेक भी महापालिका प्रशासन की ओर से वितरित किए गए।

## मुंबई के डोंगरी में 26 साल के अराफात खान को हमलावरों ने पीट-पीटकर मार डाला, इलाके में तनाव

मुंबई के डोंगरी इलाके में एक दिल दहलाने वाली घटना घटी। 26 साल के अराफात महबूब खान नाम के युवक की हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावरों ने अरफात का गला घोंट दिया और उसे बुरी तरह पीटा। लोग आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई: महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के डोंगरी इलाके में हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां 26 साल के एक युवक की हत्या कर दी गई। मरने वाले की पहचान अराफात महबूब खान के रूप में हुई है। मुंबई पुलिस के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने अरफात की गला घोंटकर और पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस से आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। डोंगरी में घटी दिल दहलाने वाली घटनायह दिल दहला देने वाली घटना डोंगरी इलाके में घटी। स्थानीय लोगों ने अराफात महबूब खान को लहूलुहान हालत में देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि, जब तक युवक को अस्पताल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डोंगरी पुलिस थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।हमला करके घोंट दिया गलाशुरूआती जांच से पता चला है कि अरफात पर पहले हमला किया गया और फिर रस्सी या इसी तरह की किसी चीज से उसका गला घोंटकर उसकी जान ली गई। हत्या की वजह क्या थी और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं ? इसे लेकर अभी तक कुछ साफ नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने की कोशिश में जुटी पुलिसआसपास की दुकानों, गलियों और इमारतों में लगे कैमरों को खंगाला जा रहा है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

# आजाद मैदान में सुप्रिया का विरोध, मराठाओं ने रोकी कार, सुले ने सरकार से की बड़ी मांग

☞ मुंबई में मराठा आंदोलन के तीसरे दिन शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले को विरोध का सामना करना पड़ा। आजाद मैदान में वह मनोज जरांगे पाटिल से मिलने के लिए पहुंची थीं। सुले ने जरांगे से मुलाकात के साथ हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम से अपील भी की।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई: महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मराठा आरक्षण को लेकर संग्राम तेज होता जा रहा है। तीसरे दिन मनोज जरांगे पाटिल ने सरकार पर दबाव बढ़ाते हुए कहा कि वह सोमवार से पानी का भी त्याग कर देंगे। तीसरे दिन जरांगे से मिलने पहुंचे शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले को विरोध का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने आजाद मैदान में उनकी कार को रोक लिया और नारेबाजी। इस दौरान उनकी कार पर एक बोतल फेंकने की घटना भी हुई, हालांकि वहां पर मौजूद कुछ और मराठा प्रदर्शनकारियों ने स्थिति को संभाल लिया। सुले ने बाद में मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार को प्रचंड बहुमत मिला है। सरकार इस मुद्दे को हल करने के तुरंत विधानसभा का सत्र बुलाए। सुले ने कहा कि सरकार का नारा है सबका साथ-सबका विकास तो उन्हें सबका विकास करना चाहिए। मराठा आरक्षण मांग रहे जरांगे को पुलिस एक और दिन आजाद मैदान में बैठने की अनुमति दे दी है।

### बीजेपी ने उठाए थे पवार पर सवाल

बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ऐसे वक्त पर विरोध का सामना करना है जब बीजेपी ने एक दिन पहले मराठों के कल्याण में शरद पवार के योगदान पर सवाल उठाए थे। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे द्वारा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की आलोचना तेज करने के बाद बीजेपी ने रविवार को वरिष्ठ नेता शरद पवार पर निशाना साधा था। बीजेपी ने उन पर सत्ता में रहने के दौरान मराठा समुदाय के कल्याण के लिए कदम उठाने में विफल रहने का आरोप लगाया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख पवार पर ऐसे वक्त निशाना साधा है, जब एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई '52 प्रतिशत की सीमा' को हटाने के लिए संविधान संशोधन आवश्यक है।सुप्रिया सुले को आजाद मैदान में मराठा प्रदर्शनकारियों के गुस्से को जहां गुस्से का सामना करना तो वहीं उन्होंने उनके पिता और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार के खिलाफ नारे लगाए। इस पर बीजेपी नेता प्रवीण दरेकर ने कहा कि मराठा आरक्षण के मुद्दे पर शरद पवार के रुख से कई मराठा युवा नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि पवार कई वर्षों तक राज्य और केंद्र की पूर्ववर्ती सरकारों का हिस्सा रहे, लेकिन उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में मराठा के लिए आरक्षण के संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। दरेकर ने कहा कि कुछ युवाओं ने पवार के खिलाफ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। जरांगे ओबीसी श्रेणी के तहत मराठों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि सभी मराठाओं को ओबीसी के तहत आने वाली कृषि प्रधान जाति कुनबी के रूप में मान्यता दी जा

# मराठा आरक्षण: सरकार ने पानी बंद कर दिया तो क्या? चलो नारियल पानी पीते हैं

महाराष्ट्र में मराठाओं के लिए आरक्षण मांग रहे मनोज जरांगे पाटिल ने पानी भी छोड़ने की धमकी दी है। जरांगे आजाद मैदान में डटे हुए हैं, तो वहीं प्रदर्शनकारियों के काफी रोचक वीडियो सामने आ रहे हैं। नरीमन प्वाइंट पर कुछप्रदर्शनकारियों ने अनूठा अंदाज में अपनी प्यास बुझाई।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई: मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मनोज जरांगे पाटिल ने मुंबई दक्षिणी हिस्से के ट्रैफिक का पटरी से उतार दिया है। महाराष्ट्र के कोने-कोने से मराठाओं के मुंबई कूच ने देवेंद्र फडणवीस सरकार को मुश्किल में डाल दिया है। प्रदर्शनकारियों के साथ विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने पहले दिन और दूसरे दिन प्रदर्शनकारियों को पीने का पानी तक मुहैया नहीं कराया। इतना ही नहीं आजाद मैदान के पास की तमाम दुकानों को बंद करवा दिया, इस सब के बीच मुंबई के नरीमन प्वाइंट से ऐसा वीडियो सामने आया है। जिसे देखकर आप भी अपना सिर पकड़ लेंगे।

### नारियल पानी से बुझाई प्यास

पानी नहीं मिलने पर मनोज जरांगे पाटिल की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहने कुछ मराठा प्रदर्शनकारी प्यास बुझाने के लिए नारियल के पेड़ पर चढ़ गए। उन्होंने नारियल पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई। इसके वीडियो से जुड़े एक्स पोस्ट में लिखा गया है कि सरकार ने पानी बंद कर दिया तो क्या हुआ? चलो नारियल पानी पीते हैं, लेकिन हम मुंबई से रिजर्वेशन लेकर ही निकलेंगे। रविवार को तीसरे दिन मराठा प्रदर्शनकारियों के लिए उनके गांवों से खाने का सामान भी पहुंचा। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लेकर बीएमसी ऑफिस और आजाद मैदान के आसपास के इलाकों में मराठों की भारी भीड़ है। नरीमन प्वाइंट पर ही बीजेपी का दफ्तर भी है। इस सब के बीच कुछ वीडियो ऐसे सामने आए हैं। जिसमें मराठा प्रदर्शनकारी आंदोलन के बीच नाच-गाकर अपना समय काट रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि सरकार मनोज जरांगे पाटिल के आखिरी अनशन पर जरूरी कोई बड़ा फैसला लेगी।

### बीजेपी ने किया है आरोपों से इनकार

मराठा प्रदर्शनकारियों और विपक्ष के द्वारा पानी तक नहीं देने की आरोपों को बीजेपी ने गलत बताया है। बीजेपी ने इसे एक फेक नैरेटिव बताया है। बीजेपी की तरफ कुछ ऐसी तस्वीरें भी जारी की गई हैं। जिनमें मराठा प्रदर्शनकारी दुकानों के बाहर खाना खा रहे हैं। गौरतलब हो कि मनोज जरांगे पाटिल 29 अगस्त को आजाद मैदान में प्रदर्शन करने के लिए मुंबई पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने मुंबई के आजाद मैदान में बैठने के बाद अपने तेवर बदल दिए थे। उन्होंने कहा था कि गोलियां भी चलें तो भी वह यहां से नहीं हिलेंगे। मनोज जरांगे पाटिल भूख हड़ताल पर बैठने के बाद महाराष्ट्र में मराठा आंदोलन को लेकर सियासत गरमा गई है। एक अनुमान के अनुसार मुंबई में 50 हजार से ज्यादा मराठा प्रदर्शनकारियों की मौजूदगी है। जरांगे पाटिल गणेशोत्सव के बीच भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उनके मंच पर छत्रपति शिवाजी महाराज और गणपति की प्रतिमाएं रखी गई हैं।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

**आदित्यराज, शांति सदन, टैगोर नगर, विक्रोली पूर्व में आशिष उपाध्याय जी के घर बिराजमान श्री गणेश बाप्पा की सुन्दर प्रतिमा**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

**साईं सोलिटेयर नवघर रोड, मुलुंड पूर्व में विसन जी पटेल के घर पर विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की मनमोहक मूर्ति।**

# फर्जी आरटीओ चालान का भेजा मेसेज, फिर ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए 1 लाख रुपये, मुंबई में डायरेक्टर संजय छैल के साथ ठगी

फिल्म निर्देशक संजय छेल ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए। अज्ञात लोगों ने आरटीओ चालान के नाम पर उनसे 99,989 रुपए ठग लिए। धोखेबाजों ने उन्हें फर्जी लिंक भेजकर जानकारी भरने को कहा। जानकारी भरने के बाद उनके खाते से पैसे कट गए। अंबोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : फिल्म निर्देशक और लेखक संजय छेल से ऑनलाइन ठगी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, अज्ञात लोगों ने फर्जी आरटीओ चालान का हवाला देकर लगभग 99,989 रुपए की ठगी कर ली। इस मामले में फिल्म निर्देशक और लेखक की शिकायत पर अंबोली पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, यह घटना 4 जुलाई को घटी, जब संजय छेल अपने निवास खेरवाड़ी सोसायटी, चार बंगला, अंधेरी (पश्चिम) में मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें दो अनजान मोबाइल नंबरों से कॉल और मैसेज प्राप्त हुए। कॉल करने वालों ने खुद को आरटीओ विभाग का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके नाम पर एक नया ट्रैफिक चालान जारी किया गया है। ठगों ने संजय छेल को चालान संबंधी लिंक भेजकर तत्काल जानकारी भरने का दबाव बनाया।

### लिंक पर भरी डीटेल

डर और भ्रम की स्थिति में संजय छेल ने मोबाइल पर आए लिंक के अनुसार जानकारी भर दी। इसके बाद उनके बैंक खाते से 99,989 रुपए की राशि धोखे से अज्ञात व्यक्तियों के खाते में ट्रांसफर हो गई।

### शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया केस

इस मामले में संजय छेल की शिकायत पर 29 अगस्त 2025 को अंबोली पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएमएस) की धारा 318 (4) तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 (क) और 66 (ड) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# 'शिंदे बता सकते हैं फिर से क्यों शुरू हुआ आंदोलन', मराठा आरक्षण पर राज ठाकरे का बड़ा बयान

☞ मराठा आरक्षण को लेकर चले आंदोलन के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने बड़ा बयान दिया है। मनसे प्रमुख ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से पूछा जाना चाहिए कि मराठा आरक्षण का मुद्दा सुलझाए जाने के बावजूद ऐसा फिर से क्यों हुआ?

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई: मराठा आरक्षण को लेकर चले आंदोलन के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने बड़ा बयान दिया है। मनसे प्रमुख ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से पूछा जाना चाहिए कि मराठा आरक्षण का मुद्दा सुलझाए जाने के बावजूद ऐसा फिर से क्यों हुआ? दरअसल मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे का दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर अनशन रविवार को तीसरे दिन भी जारी है।

### राज ठाकरे ने क्या कहा?

राज ठाकरे ने पत्रकारों की ओर से आंदोलन के बारे में पूछे जाने पर कहा कि केवल एकनाथ शिंदे ही मराठा आंदोलन और आरक्षण के मुद्दे के बारे में सब कुछ बता सकते हैं। अगर आप जानना चाहते हैं कि मनोज जरांगे क्यों वापस आए हैं? तो एकनाथ शिंदे से पूछें। पिछली बार जब वे मुख्यमंत्री के रूप में नवी मुंबई गए थे तो उन्होंने इस मुद्दे को सुलझा लिया था। यह मुद्दा फिर से क्यों उठा है? इन सभी सवालों के जवाब केवल शिंदे ही दे सकते हैं।

### उद्धव ने जरांगे से की बात

इससे पहले प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार पर शहर में मराठा प्रदर्शनकारियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया था और पार्टी कार्यकताओं से पानी, भोजन और शौचालय सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद करने की अपील की। ठाकरे ने मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे से फोन पर भी बात की थी। उद्धव के पार्टी सहयोगी अंबादास दानवे ने दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में जरांगे से मुलाकात की और उद्धव की उनसे बात कराई।

### जरांगे के आंदोलन को समर्थन

पूर्व मुख्यमंत्री पहले ही जरांगे के आंदोलन को समर्थन दे चुके हैं। उद्धव ने कहा कि महाराष्ट्र के कोने-कोने से, हमारे मराठी भाई हजारों की संख्या में मुंबई में एकत्रित हुए हैं। बारिश, पानी और कीचड़ का सामना करते हुए वे अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार उन्हें (प्रदर्शनकारियों को) बुनियादी सुविधाएं देने में विफल रही है। ऐसे समय में, मैं सभी शिवसैनिकों से अपील करता हूं कि वे एकजुट होकर इन भाइयों और बहनों को पानी, भोजन व शौचालय की सुविधा प्रदान करने के लिए अथक प्रयास करें। यही हमारा महाराष्ट्र धर्म है।

### जरांगे की क्या मांग?

शुक्रवार से भूख हड़ताल पर बैठे जरांगे अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के तहत मराठों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं। जरांगे चाहते हैं कि मराठों को कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए, जो ओबीसी श्रेणी में शामिल एक कृषक जाति है। राज्य भर से दक्षिण मुंबई पहुंचे हजारों मराठा प्रदर्शनकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर बुनियादी सुविधाओं की कमी और पानी व भोजन की अनुपलब्धता की शिकायत की है।

# लातूर के आंदोलनकारी की हार्ट अटैक से मौत, कई अन्य की बिगड़ी तबीयत

मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मुंबई के आजाद मैदान में हो रहे आंदोलन से एक दुखद घटना सामने आई है। लातूर जिले के टकलगांव निवासी विजय घोगरे नामक एक युवक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। इस बीच आंदोलन में भाग लेने आए कई अन्य प्रदर्शनकारियों की भी तबीयत बिगड़ने की खबर है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई: महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के आजाद मैदान में मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल के नेतृत्व में मराठा समुदाय का आंदोलन चल रहा है। जरांगे पाटिल ने मराठा समुदाय के लिए ओबीसी में से आरक्षण की मांग की है। इसके लिए राज्य भर से लाखों मराठा बंधु मुंबई पहुंच चुके हैं। उन्होंने यह ठान लिया है कि आरक्षण मिले बिना पीछे नहीं हटेंगे। इस बीच एक और युवा मराठा कार्यकर्ता की मौत हो गई है। मुंबई में आंदोलन में भाग ले रहे मराठा कार्यकर्ता विजय घोगरे का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि यह युवक लातूर के अहमदपुर तालुका के टकलगांव का रहने वाला था। उसे इलाज के लिए जेजे अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टर ने इस कार्यकर्ता को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, विजय घोगरे तकरीबन 40 लोगों के एक ग्रुप के साथ दो टेंपो से मुंबई पहुंचे थे, ताकि आरक्षण के समर्थन में हो रहे प्रदर्शन में भाग ले सकें। प्रदर्शन के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी। उन्हें तत्काल जी.टी. अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुंबई पुलिस ने पुष्टि की कि विजय का शव पोस्टमार्टम के लिए जेजे अस्पताल भेजा गया है। विजय घोगरे की उम्र की जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। कई अन्य प्रदर्शनकारियों की भी तबीयत बिगड़ने की खबरहमारे सहयोगी महाराष्ट्र टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई में आंदोलन में भाग लेने आए कई अन्य प्रदर्शनकारियों की भी तबीयत बिगड़ने की खबर है। पिछले दो दिनों में जी.टी. अस्पताल और सेंट जॉर्ज अस्पताल में लगभग 100 प्रदर्शनकारियों ने इलाज करवाया है। अधिकतर मामलों में लोगों को बदन दर्द, सिरदर्द, हाथ-पैरों में दर्द और सर्दी-जुकाम जैसी सामान्य समस्याएं हुई हैं। आजाद मैदान में मराठा समाज की भारी भीड़ उमड़ी है, जो आरक्षण की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद कर रही है।

# ट्रम्प का जापान पर अमेरिकी चावल खरीदने का दबाव

## नाराज जापानी डेलीगेशन ने दौरा रद्द किया; भारत पर भी मांसाहारी दूध खरीदने का दबाव था

एजेंसी

टोक्यो, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जापान पर अमेरिकी चावल के लिए बाजार खोलने का दबाव बना रहे हैं। इस वजह से जापान के मुख्य वार्ताकार रयोसेई अकाजावा ने अमेरिका दौरा रद्द कर दिया है। निक्केई एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अकाजावा 28 अगस्त को वॉशिंगटन डीसी का दौरा करने वाले थे, लेकिन ट्रम्प के अमेरिकी चावल खरीदने के दबाव के बाद उन्हें यह यात्रा रद्द करनी पड़ी। अमेरिका ने इसी तरह का दबाव भारत पर भी बनाया था। अमेरिका चाहता था कि भारत उनकी मांसाहारी गायों का दूध खरीदे। साथ ही उनके किसानों के लिए भारत अपना मार्केट ओपन करे। लेकिन भारत ने इससे साफ इनकार कर दिया था। इससे बाद अमेरिका ने भारत पर 25% टैरिफ लगा दिया था, जो बाद में बढ़कर 50% तक पहुंच गया। निक्की एशिया के मुताबिक अकाजावा चाहते थे कि उनकी यात्रा से अमेरिका से यह लिखित वादा मिल जाए कि जापानी उत्पादों पर टैरिफ घटेगा, लेकिन जब



यह साफ हो गया कि ऐसा नहीं होगा, तो उन्होंने यात्रा रद्द कर दी। कई सरकारी अधिकारियों ने निक्केई एशिया से कहा कि ट्रम्प ने जापान पर दबाव डालकर पहले उससे टैरिफ कम कराया और फिर कृषि उत्पादों का आयात बढ़ाने की शर्त रखी। इसके बदले में जापान को उम्मीद थी कि अमेरिका ऑटोमोबाइल पर टैरिफ का बोझ कम करेगा, लेकिन ट्रम्प की तरफ से इसे लेकर कोई ठोस भरोसा नहीं मिला। जापान का कहना है कि अमेरिका का रवैया उसकी घरेलू नीतियों में हस्तक्षेप है। अकाजावा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अभी कई मुद्दे ऐसे हैं जिन पर अधिकारियों के स्तर पर और बातचीत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब तक वार्ता आगे बढ़ती रहेगी, वे अमेरिका की यात्रा टाल रहे हैं, लेकिन संभव है कि भविष्य में फिर से जाएं। रिपोर्ट के मुताबिक अगर जापान, अमेरिका से चावल की खरीद बढ़ाता है तो इससे उसके किसानों को नुकसान हो सकता है। इससे कृषि समुदाय नाराज भी हो सकता है। इस बीच व्हाइट हाउस ने दावा किया कि जापान ने जुलाई में ही अमेरिकी चावल के आयात कोटा में 75% बढ़ोतरी पर सहमति दे दी थी। बाद में जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने साफ कहा कि उनका देश अमेरिकी दबाव में अपने किसानों के हितों का बलिदान नहीं करेगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जापान और अमेरिका की बातचीत में मुख्य समस्या एक-दूसरे पर भरोसा न करना है। अमेरिका चाहता है कि जापान अपने 550 अरब डॉलर के इन्वेस्टमेंट के वादे को लिखित समझौते में बदले। वहीं, जापान कह रहा है कि अगर उसे लिखित गारंटी चाहिए तो अमेरिका को भी यह लिखकर देना होगा कि जापानी ऑटो पर 15% टैरिफ तुरंत लागू नहीं होगा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से जापान और अमेरिका करीबी सहयोगी बने हुए हैं। 1951 में हुई सुरक्षा संधि के तहत अमेरिका जापान की रक्षा की जिम्मेदारी निभाता है, जबकि जापान एशिया में अमेरिकी रणनीतिक उपस्थिति का अहम हिस्सा है। आर्थिक दृष्टि से भी दोनों देशों के रिश्ते बेहद मजबूत हैं। आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका ने 2024 में जापान से लगभग 148 अरब डॉलर का आयात किया, जबकि जापान ने अमेरिका से सिर्फ 80 अरब डॉलर का निर्यात किया। जापान का सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र कार और ऑटो पार्ट्स है, जो अमेरिकी ऑटोमोबाइल बाजार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा रखते हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और एडवांस तकनीक से जुड़े उत्पाद भी जापानी निर्यात का अहम हिस्सा हैं।

# इंडोनेशिया में सांसदों की सैलरी बढ़ने पर प्रदर्शन, संसद जलाई

## डिलीवरी बॉय की मौत से और बिगड़े हालात, राष्ट्रपति प्रबोवो का चीन दौरा रद्द

एजेंसी

जकार्ता, इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता समेत देश के कई हिस्सों में सांसदों की तनख्वाह बढ़ाने के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन तेज हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार रात मकासर शहर की क्षेत्रीय संसद में आग लगा दी। हाल ही में इंडोनेशियाई पुलिस के वाहन ने मोटरसाइकिल से जा रहे डिलीवरी बॉय को कुचल दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद हालात और ज्यादा बिगड़ गए। उग्र प्रदर्शनों को देखते हुए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने शनिवार को अपनी चीन यात्रा रद्द कर दी। उन्हें



3 सितंबर को चीन में विक्ट्री डे समारोह में जाना था, जो सेकेंड वर्ल्ड वॉर खत्म होने की 80वीं सालगिरह पर आयोजित होता है। प्रबोवो के प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति देश की हालात पर खुद नजर रखना चाहते हैं और इन हालातों को बेहतर तरीके से मैनेज करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने चीन सरकार से माफी मांगी कि वे उनके बुलावे पर नहीं जा पाएंगे। इन हिंसक विरोध-प्रदर्शन में अब तक 3 लोगों की मौत हो गई

और 5 लोग घायल हो गए। लोगों ने सरकारी अधिकारियों और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के खिलाफ प्रदर्शन तेज कर दिया है। ड्राइवर की मौत के मामले में 7 अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है।

इन प्रदर्शनों में 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने मामले की जांच के आदेश दिए और मृत ड्राइवर के परिवार से मुलाकात की। इंडोनेशिया की कानूनी सहायता संस्था (वाईएलबीएचआई) ने पुलिस की कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। वाईएलबीएचआई के मुताबिक, जकार्ता में 600 से ज्यादा छात्रों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से कई को बिना किसी आरोप के थानों में रखा गया। संगठन ने पुलिस पर क्रूरता और मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप लगाया है।

कुछ प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस ने न सिर्फ रबर की गोलियां चलाईं, बल्कि कुछ जगह गोला-बारूद का भी इस्तेमाल किया।

# यूक्रेन जंग पर जयशंकर बोले- भारत को निशाना बनाना गलत

## हम बातचीत के हिमायती; ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से 25% टैरिफ लगाया

एजेंसी

नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। भारत हमेशा शांति और बातचीत की वकालत करता रहा है। उन्होंने एक्स पर लिखा- आज फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बात हुई। हमने यूक्रेन जंग और इसके असर पर बात की। इस मामले में भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। हम बातचीत और डिप्लोमेसी के पक्ष में हैं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत पर रूसी तेल खरीद की वजह से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया है। ट्रम्प का कहना है कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है, जिस वजह से पुतिन को यूक्रेन जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारतीय विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब पीएम मोदी एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे हैं। यहां वो चीनी एससीओ समिट से इतर पीएम मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति पुतिन के दिसंबर में भारत दौरे के प्रोग्राम पर भी चर्चा होगी। चीन में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक एससीओ समिट की बैठक होने वाली है। इसमें 20 से ज्यादा देशों के नेता शामिल होंगे।



इससे पहले पीएम मोदी ने जापान के अखबार 'द योमिउरी शिम्बुन' से कहा कि भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध में निष्पक्ष और मानवीय रुख अपनाया है, जिसकी पुतिन और जेलेंस्की दोनों ने सराहना की है।

भारत बातचीत और डिप्लोमेसी को बढ़ावा देता है। पीएम मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने शनिवार को फोन पर बात की। जेलेंस्की ने यूक्रेन में चल रहे हालातों के बारे में जानकारी दी। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि भारत हमेशा शांति की पक्षधर है। उन्होंने यूक्रेन में जल्द से जल्द शांति लाने के लिए हर तरह की मदद करने का वादा किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि भारत शांति के लिए अपने प्रयास जारी रखेगा और यूक्रेन में स्थिरता लाने में सहयोग देगा। वहीं, जेलेंस्की ने कहा- मैंने पीएम मोदी से बात की। मैंने उन्हें वॉशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रम्प और यूरोपीय नेताओं के साथ हुई बातचीत के बारे में बताया। यूक्रेन रूस के साथ शांति वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन रूस ने कोई सकारात्मक संकेत नहीं दिया। इससे पहले पीएम मोदी ने 26 अगस्त को यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर लेटर लिखकर जेलेंस्की को बधाई दी थी। पीएम मोदी ने लेटर में लिखा था- मुझे पिछले साल कीव की यात्रा बहुत अच्छी लगी थी। तब से भारत और यूक्रेन के रिश्ते और बेहतर हुए हैं। भारत हमेशा शांति के पक्ष में है। इसके जवाब में जेलेंस्की ने कहा था कि भारत शांति और बातचीत के लिए पूरी तरह समर्पित है। इस भयानक युद्ध को शांति से खत्म करने के लिए दुनिया कोशिश कर रही है और हम भारत की मदद चाहते हैं। रूस-यूक्रेन बातचीत से इतर एक-दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। यूक्रेनी नेवी का सबसे बड़ा जहाज सिम्फेरोपोल गुरुवार को रूस के समुद्री ड्रोन हमले में डूब गया। यह जहाज पिछले 10 साल में यूक्रेन का सबसे बड़ा जहाज था।

# भारत बना यूक्रेन का सबसे बड़ा डीजल सप्लायर

## जुलाई में हर दिन 2,700 टन डीजल बेचा, रूसी तेल की वजह से अमेरिका ने टैरिफ लगाया था

एजेंसी

नई दिल्ली, भारत ने जुलाई 2025 में यूक्रेन को सबसे ज्यादा डीजल सप्लाई किया। यूक्रेन की ऑयल मार्केट एनालिटिक्स फर्म नाफ्टोरिनोक ने इस बात की जानकारी दी है। डीजल सप्लाई में यह उछाल एसे समय में आया है, जब अमेरिका ने भारत के रूसी तेल आयात को लेकर उस पर 50% पनिशटिव टैरिफ लगाए हैं। नाफ्टोरिनोक के मुताबिक, भारत ने इस महीने यूक्रेन की डीजल जरूरतों का 15.5% हिस्सा पूरा किया, जो कि



पिछले साल जुलाई 2024 में मात्र 1.9% था। जुलाई 2025 में भारत ने हर दिन औसतन 2,700 टन डीजल यूक्रेन को भेजा, जो इस साल के सबसे ऊंचे मासिक निर्यात आंकड़ों में से एक है।

यहां सबसे दिलचस्प बात यह है कि डीजल बनाने के लिए भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल रूस से ही खरीद रहा है जिसकी यूक्रेन के साथ जंग चल रही है। यानी, एक तरफ अमेरिका भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए सजा दे रहा है, और दूसरी तरफ भारत का डीजल यूक्रेन की युद्धकालीन अर्थव्यवस्था को सपोर्ट कर रहा है। यह वैश्विक कूटनीति और व्यापार की जटिलताओं को दर्शाती है। जुलाई में अन्य प्रमुख सप्लायर्स में स्लोवाकिया (15%), ग्रीस (13.5%), तुर्की (12.4%) और लिथुआनिया (11.4%) शामिल थे। डोनाल्ड ट्रम्प का कहना है कि भारत और चीन जैसे देश रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसकी युद्ध मशीन को फंडिंग दे रहे हैं। वहीं भारत का कहना है कि वह रूस से तेल इसलिए खरीद रहा है, क्योंकि यह सस्ता है और इससे भारतीय उपभोक्ताओं को किफायती कीमत पर ईंधन मिल रहा है।

# 'चीट मिनिस्टर बन गए हैं...'

## तेजस्वी यादव का विवादित बयान, सीएम नीतीश को बताया धोखेबाज



एजेंसी

पीएम मोदी को लेकर दिए गए विवादित बयान का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा है कि अब तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार को लेकर विवादित बयान दे दिया है. उन्होंने कहा कि वह चीफ मिनिस्टर नहीं बल्कि चीट मिनिस्टर बन गए हैं.

- तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनकी केवल नकल ही करते हैं. उनका अपना कोई विजन नहीं है. जनता अब परिवर्तन लाएगी.
- तेजस्वी यादव का विवादित बयान, सीएम नीतीश को बताया धोखेबाज

### सीएम पर क्या बोले तेजस्वी यादव?

तेजस्वी यादव ने एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि ₹मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनकी केवल नकल ही करते हैं. उनका अपना कोई विजन नहीं है. मुख्यमंत्री नकल कर रहे हैं. वे मुख्यमंत्री की तरह नहीं बल्कि धोखेबाज मंत्री की तरह व्यवहार कर रहे हैं. बिहार की जनता इनकी चाल और चरित्र को पहचान गई है और जनता अब परिवर्तन लाएगी.

### 'योजनाओं की नकल कर रहे हैं'

बता दें कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची संशोधन के मुद्दे पर सियासी घमासान मचा हुआ है. राहुल -तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा खत्म हो चुकी है और सोमवार को पटना में रोड शो है. इस बीच तेजस्वी यादव ने एक बार फिर नीतीश कुमार पर हमला बोला और कहा कि हमारी तमाम योजनाओं की नकल कर रहे हैं. दरअसल बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार ने एक और मास्टरस्ट्रोक चला है. अब सरकार ने फैसला किया है कि राज्य के हर परिवार की एक महिला को व्यवसाय शुरू करने के लिए सरकार की ओर से आर्थिक मदद दी जाएगी. यह मदद दो लाख रुपये तक होगी. पहली किस्त के तौर पर महिलाओं को सितंबर महीने में 10 हजार रुपये दिए जाएंगे. छह महीने के मूल्यांकन के बाद बेहतर काम करने वाली महिलाओं को अपना व्यवसाय आगे बढ़ाने के लिए दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त मदद दी जाएगी. सीएम नीतीश की ये योजना तेजस्वी यादव के जरिए ऐलान की गई 'माई-बहिन मान योजना' की काट बताई जा रही है.

# चीनी सामान से बढ़ा देश का आर्थिक संकट

## भाजपा की आत्मनिर्भरता खोखली, अखिलेश यादव का सरकार पर हमला

**सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चीन से आयात पर भारत की बढ़ती निर्भरता को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताते हुए भाजपा के स्वदेशी और बहिष्कार के दावों को खोखला करार दिया। उन्होंने भाजपा सरकार से सवाल किया कि चीन से कब्जे में ली गई कितनी भारतीय जमीन वापस आई है और क्या देश की कुल भूमि में कमी आई है, यह राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की आत्मनिर्भरता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।**



एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए रविवार को कहा कि चीन से आने वाले सामानों पर भारत की निर्भरता लगातार बढ़ रही है, जिसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के घटते कारोबार पर पड़ रहा है। सपा प्रमुख यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, यही है तथाकथित आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई जुमलों का चिंताजनक सच। उन्होंने इसे विस्तार से समझाते हुए कहा, चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है। यादव ने आगाह करते हुए कहा, भाजपा चीनी चाल की क्रोनोलॉजी समझे। उन्होंने आगे कहा, पहले चीन अपना माल भारत के बाजारों में भर देगा जिससे चीन पर निर्भरता इतनी बढ़ जाएगी कि उनकी हर गलत हरकत को नजरअंदाज करने के लिए भाजपाई मजबूर हो जाएंगे। यादव ने दावा किया, उसके बाद चीन हमारे उत्पादों और उद्योगों को धीरे-धीरे बंद करवाने के कगार तक ले जाएगा और उसके बाद मनमाने दाम पर हर चीज की आपूर्ति करेगा। उसके बाद महंगाई-बेरोजगारी बढ़ाएगा। भविष्य के खतरों को लेकर उन्होंने आगाह किया, जब महंगाई और बेरोजगारी ज्यादा होगी तो सरकार के खिलाफ जनता का आक्रोश भी बढ़ेगा और बिना बहुमत की भाजपा की सरकार और भी कमजोर होकर लड़खड़ा जाएगी सपा प्रमुख ने कहा, फिर खुद ही लड़खड़ाती भाजपा सरकार चीन के अतिक्रमण को चुनौती नहीं दे पाएगी... उसके बाद हमारी जमीन पर चीन अपना कब्जा और बढ़ाएगा।... इसके बाद भाजपा दोहराएगी कि न कोईङ्क न कोईङ्क! यादव ने कहा, अगर ये बात ड्रोनवालों को समझ नहीं आ रही है

# अमित शाहँ पर 'सिर काटने' वाले बयान पर महुआ मोइत्रा फंसीं, छत्तीसगढ़ में प्राथमिकी दर्ज

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर महुआ मोइत्रा की विवादास्पद टिप्पणी ने उन्हें गंभीर कानूनी मुश्किल में डाल दिया है। छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक स्थानीय व्यक्ति ने उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 196 और 197 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर अवैध घुसपैठ पर अमित शाह का सिर काटने की बात कही थी।**



एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ 'आपत्तिजनक' टिप्पणी की थी। इसी सिलसिले में अब उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक एफआईआर दर्ज की गई है। यहां एक स्थानीय निवासी ने मोइत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीटीआई ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि धारा 196 (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 197 (राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने वाले आरोप) के तहत मामला दर्ज किया गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद समेत कई भाजपा नेताओं ने मोइत्रा की टिप्पणी की निंदा की है। उन्होंने तृणमूल नेता के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है। सोशल मीडिया पर इस बयान का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए कार्रवाई की मांग की है, जिससे यह मुद्दा गरमा गया है। महुआ मोइत्रा ने कथित तौर पर कहा था कि भारत में अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ को रोकने में विफल रहने के लिए अमित शाह का 'सिर काट' देना चाहिए।

# पंजाब में बाढ़ का कहर जारी! व्यास समेत नदियाँ उफान पर, 24 की मौत

**पंजाब में लगातार बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जहां ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से कपूरथला प्रशासन ने सुल्तानपुर लोधी सहित निचले इलाकों के लिए अलर्ट जारी किया है। अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है और 1.51 लाख एकड़ फसलें जलमग्न हो गई हैं, जिससे राज्य को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सेना और एसडीआरफ बचाव कार्यों में जुटे हैं।**

## लाखों एकड़ फसल तबाह, सेना और एसडीआरफ बचाव कार्यों में जुटे हैं।

एजेंसी

पंजाब। पंजाब में रविवार को बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई, क्योंकि कई ज़िलों में लगातार बारिश हो रही है और घग्गर व व्यास नदियाँ उफान पर हैं। पंजाब में बाढ़ से अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य के नौ जिलों में रावी, ब्यास और सतलुज नदियों के उफान के कारण 1,018 गाँव प्रभावित हुए हैं और 1.51 लाख एकड़ (61,273 हेक्टेयर) में खड़ी फसलें जलमग्न हो गई हैं, जिससे बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। फसलों के नुकसान और पशुओं की मौत के कारण राज्य को भारी वित्तीय नुकसान



हुआ है। जिला मुख्यालयों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, फाजिल्का में 16,632 हेक्टेयर, फिरोजपुर में 10,806 हेक्टेयर, कपूरथला में 11,620 हेक्टेयर, पठानकोट में 7,000 हेक्टेयर, तरनतारन में 9,928 हेक्टेयर और होशियारपुर में 5,287 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। पंजाब में कपूरथला जिला प्रशासन ने सुल्तानपुर लोधी क्षेत्र के लोगों से लगातार बारिश के बाद ब्यास नदी में जलस्तर बढ़ने के मद्देनजर रविवार को अलर्ट जारी कर सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कपूरथला के उपायुक्त अमित कुमार पांचाल ने बताया कि भारी बारिश के कारण ब्यास नदी का जलस्तर 2.35 लाख क्यूसेक तक बढ़ गया है और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया गया है। मौसम विभाग ने कपूरथला जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। पांचाल ने कहा कि लोगों की जान बचाना प्रशासन की प्राथमिकता है इसलिए प्रभावित इलाकों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सेना और राज्य आपदा मोचन बल के दल लोगों को सुरक्षित स्थानों पर लगातार पहुंचा रहे हैं। सुल्तानपुर लोधी और भुलत्थ इलाके के गांव बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं।

## संक्षेप

### सुल्तानपुर जंक्शन पर ट्रेन से उतरते वक्त हादसा

**कोलकाता से लौट रहे पिता की मौत, बेटी के लिए मोबाइल गिफ्ट लेकर आ रहे थे**

सुल्तानपुर , कोलकाता से पत्नी व बच्चों से मिलने की आस लिए घर आ रहे क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति की रविवार को ट्रेन हादसा में दर्दनाक मौत हो गई। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अमिलियासिकरा गांव निवासी विजय बहादुर सिंह के बेटे गिरीश सिंह (49 ) रविवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से पत्नी, बच्चों और घर परिवार से मिलने की आस लिए ट्रेन से घर आ रहे थे। वह वाराणसी से लखनऊ जाने वाली शटल ट्रेन से सुल्तानपुर गृह जनपद के लिए ट्रेन में बैठ गए। ट्रेन निर्धारित समय पर सुबह 8:00 बजे सुल्तानपुर जंक्शन पर पहुंची। इसी बीच गिरीश को नींद आ गई। ट्रेन चलते समय अचानक उनकी नींद खुली और वह हड़बड़ाहट में अपने सामानों को नीचे फेंककर नीचे उतरने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच उनका पैर फिसलकर पटरी व ट्रेन के बीचों बीच आ गया। उनकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने परिजनों की शिनाख्त पर शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक गिरीश सिंह अपनी बड़ी बेटी रितिका(20) के लिए कलकत्ता से मोबाइल खरीदकर ला रहे थे। ट्रेन हादसे में उनकी मौत के बाद उनकी पत्नी रीता सिंह (47) बड़ी बेटी रितिका सिंह (20 ) वेदिका सिंह (16), मानसिक रूप से विकलांग बेटे रूद्र प्रताप (12 ) का बुरा हाल है।

### कोतवाली से होमगार्ड की सेवानिवृत्ति

**कोतवाल और कंपनी कमांडर ने अंगवस्त्र, माला और मिठाई देकर किया सम्मान**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में लम्बे समय से कार्यरत सेवा निवृत होमार्ड का रविवार को बिदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कोतवाल और साथी होमगार्डों ने अंगवस्त्रम देकर फूल मालाओं से उनका स्वागत कर उन्हें भावभीनी बिदाई दी। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में कार्यरत होमगार्ड लाल मोहम्मद के लम्बे समय से कोतवाली क्षेत्र में अपनी सेवा देने के बाद रविवार को वह सेवानिवृत हो गए।

### यूरिया खाद की किल्लत से किसानों को राहत

**सेमरी संघ की समितियों में पहुंची खाद, सोमवार से शुरू होगा वितरण**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर विकासखंड में चार दिनों से चल रही यूरिया खाद की किल्लत अब समाप्त होने जा रही है। रविवार को शाम सेमरी संघ की प्रमुख समितियों में यूरिया की नई खेप पहुंची है। कल्याणपुर समिति को 400 बोरी और महमूदपुर सेमरी समिति को 250 बोरी यूरिया की आपूर्ति की गई है। पिछले कुछ दिनों से किसान सुबह से शाम तक समितियों के चक्कर लगा रहे थे। कई किसान भूखे-प्यासे घंटों लाइन में खड़े रहकर खाद का इंतजार कर रहे थे।

# छात्र के 9 टुकड़े कराने वाला तांत्रिक गिरफ्तार

**कहा था बलि देकर अलग अलग दिशाओं में शरीर के अंग फेंको तो साया दूर हो जाएगा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, 11वीं के छात्र पीयूष उर्फ यश की बलि देने के सनसनीखेज मामले में आरोपी तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए तांत्रिक की उम्र 45 साल है। उसका नाम मुन्ना लाल पुत्र राम खेलावन है। तंत्र मंत्र, जादू टोना करने वाला मुन्ना लाल कौशांबी के धुस्कहा का रहने वाला है। पुलिस की पूछताछ में तांत्रिक ने कबूल किया है कि उसने पीयूष की बलि देने वाले सरन सिंह को नरबलि के लिए कहा था। तांत्रिक ने कबूल किया कि वह तंत्र-मंत्र के लिए सरण सिंह के घर गया था। उसे बताया था कि परिवार पर साया है। जादू टोने का असर है। ऐसे में इसे दूर करने के लिए उसे बलि देनी होगी। उसने कहा था परिवार के अजय सिंह उर्फ गुड्डू के लड़के (पीयूष) को काटकर 9 टुकड़े कर दक्षिण-पश्चिम या उत्तर दिशा में फेंको। इसी के बाद चचेरे दादा सरण सिंह ने मासूम पोते की बलि दे दी। उसके शरीर को टूकड़ों में बांट अलग अलग दिशाओं में फेंक दिया था। तांत्रिक की मुलाकात सरण सिंह ने करेली के लेबर चौराहे पर हुई थी। फिर वह अक्सर सरण सिंह के घर जाने लगा था। उसका कहना है कि शव को टुकड़े कर फेंकवाने का काम पहली बार किया है। सरन सिंह ने तांत्रिक से तंत्र विद्या समझने को कई बार बुलाया था। कई बार सरन सिंह के घर जाकर तंत्र-मंत्र किया और फोन पर भी लगातार बातचीत होती रही। मैं पहले राजगीर था। बाद में तंत्र मंत्र जादू टोना कर रुपये कमाने लगा। सरण सिंह की समस्या सुनी वह भी तंत्र मंत्र में विश्वास रखता था। सरन सिंह के घर में बैठकर हमने तंत्र मंत्र किया। चारो तरफ कील लगाई। सरन सिंह के घर में बहुत बड़ा साया था। मैंने उसे सलाह दी कि इसे दूर करो वरना पूरा परिवार तबाह हो जाएगा। सरन को बताया यह साया तुम्हारे ही परिवार के अजय सिंह उर्फ गुड्डू का है। तुम उनके किसी लड़के को काटकर उसके 9 टुकड़े करके दक्षिण-पश्चिम या उत्तर ले जाकर फेंक दो जिससे तुम्हारे घर का गृह दोष शान्त हो जायेगा।



# ब्लॉक संघ अध्यक्ष को महिला ने चप्पल से पीटा

**प्रयागराज में मीटिंग के बीच चप्पल लेकर दौड़ी, लोग तमाशा देखते रहे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, महिला पंचायत सहायक ने जिला ब्लॉक संघ अध्यक्ष को जमकर चप्पलों से पीटा। उनके साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। जब मामला शांत हुआ, तो महिला ने जिला ब्लॉक संघ अध्यक्ष को देख लेने की धमकी दी। इस घटना का वीडियो आज सामने आया है। कहा जा रहा है कि महिला जिला ब्लॉक संघ अध्यक्ष बनना चाहती थी। लेकिन, निर्विरोध चुनाव होने की वजह से वह चुनाव नहीं लड़ पाई थी। इसके चलते वह नाराज थी। जिला ब्लॉक संघ अध्यक्ष ने महिला को वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा था प्रयागराज में 23 ब्लॉक हैं। इनके संघ के अध्यक्ष प्रवीण यादव हैं। वह भगवतपुर के रहने वाले हैं और पंचायत सहायक के कामों को देखते हैं। शमशीर बानो सोरांव ब्लॉक की पंचायत सहायक है। वह गांव के सचिवालय यानि पंचायत भवन में काम करती हैं। गांव में परिवार रजिस्टर, जन्म-मृत्यु, आवास प्रमाणपत्र से जुड़े काम देखती है। प्रवीण यादव ने बताया कि संघ का ग्रुप वॉट्सऐप है, जिसमें सारी गतिविधियां चलती हैं। कौन गांव पहुंचा, क्या हुआ, यह सब चेक होता है। मैंने ही वह वॉट्सऐप ग्रुप बनाया था। उसमें शमशीर बानो को भी जोड़ा गया। अध्यक्ष न बन पाने से नाराज थी महिला प्रवीण यादव ने बताया कि शमशीर बानो संघ अध्यक्ष बनना चाहती थी। लेकिन, साथियों का सपोर्ट न मिलने से चुनाव नहीं लड़ पाई। इस बात को लेकर उनके मन में गुस्सा है। मैंने जब उन्हें ग्रुप में जोड़ा, तो वह ग्रुप में मेरे खिलाफ लगातार अपशब्दों का प्रयोग करने लगी।

मैंने फोन करके मना किया, तो मुझे सबक सिखाने की धमकी दी। जब मैंने विरोध किया तो शमशीर बानो ने फोन पर भी गाली-गलौज शुरू कर दी। प्रवीण ने कहा कि मैंने भी उसी लहजे में जवाब दिया।



# रील बना रहे युवक को दरोगा ने पीटा

- अमेठी में लात-घूंसे मारे, रोड पर प्रैंक करने के लिए नींबू-फूल रख रहे थे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, एक दरोगा द्वारा युवक को पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जामो थाना क्षेत्र के जगदीशपुर रोड स्थित नैया नाले के पास की यह घटना है। गोरियाबाद चौकी प्रभारी गोपाल मणि मिश्र ने एक युवक को लातों से पीटा और गालियां दीं। घटना उस समय हुई जब कुछ युवक वहां रील बनाने के लिए प्रैंक के तौर पर सड़क पर नींबू और फूल रख रहे थे। चौकी इंचार्ज मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर युवकों से पूछताछ शुरू की। युवकों के नाम-पता बताने पर दरोगा ने एक युवक पर लात-घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। बताया जा रहा है कि इसी स्थान पर कुछ दिन पहले एक मोबाइल छीनने की घटना हुई थी। इसी संबंध में दरोगा चेकिंग कर रहे थे। पूछताछ के दौरान जब युवक ऊंची आवाज में बात करने लगे, तो दरोगा ने मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए उनसे नाम-पता पूछा। इस दौरान वह आपे से बाहर हो गए। मौके पर मौजूद अन्य युवक दरोगा को रोकने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह नहीं माने। दरोगा ने आसपास से गुजर रहे लोगों को भी बताया कि ये तीनों लुटेरे हैं।



# दहेज के लिए 2 महिलाओं को घर से निकाला

**सुलतानपुर में एक को जिंदा जलाने की धमकी, दूसरी को बच्ची के साथ एक कपड़े में बाहर किया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, करौंदीकला और बल्दीराय थाना क्षेत्र में दो महिलाओं के साथ दहेज उत्पीड़न के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है। करौंदीकला में शांति सिंह का विवाह 20 मई 2013 को सोनू के साथ हुआ था। ससुराल वाले दहेज में 5 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहे थे। शांति ने दहेज में डेढ़ लाख रुपये दिए थे। पति अमित सिंह इंटर कॉलेज में प्राइवेट टीचर है। वह और परिवार वाले शांति से नौकरों जैसा काम लेते थे। पूरा खाना भी नहीं देते थे। 17 अगस्त को सास मनोरमा देवी और चाचा ससुर मुन्नीलाल के उकसाने पर अमित, रणजीत और सोनी ने शांति को मारा-पीटा। उसके गहने छीन लिए। शांति और उसकी बेटी श्रद्धा को एक ही कपड़े में घर से निकाल दिया। उन्होंने दोबारा शादी करने की बात कही। दूसरा मामला बल्दीराय का है। नाजरीन की शादी 20 मई 2024 को गुलफाम हाशमी से हुई थी। ससुराल वाले सोने की चैन, फ्रिज, वाशिंग मशीन, सोने की अंगूठी और दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। पल्सर बाइक के अलावा अपाची बाइक भी मांग रहे थे। दहेज नहीं मिलने पर नाजरीन को घर से निकाल दिया गया। 17 दिसंबर 2024 को सुलह के बाद वह वापस ससुराल गई। लेकिन फिर से दहेज के लिए मारपीट शुरू हो गई। ससुराल वालों ने धमकी दी कि बिना दहेज के आई तो जिंदा जला देंगे। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।




# वायरल बुखार डेंगू का प्रकोप

- बाजार शुकुल में दो दर्जन से अधिक मरीज मिले, सरकारी और प्राइवेट जांच में अंतर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, बाजार शुकुल क्षेत्र में डेंगू और वायरल बुखार के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। प्राइवेट अस्पतालों में दो दर्जन से अधिक मरीजों की डेंगू रिपोर्ट और वायरल बुखार पॉजिटिव आई है। इन मरीजों को विशेष वार्ड में भर्ती कराया गया है। स्थिति में विरोधाभास यह है कि जो मरीज सरकारी अस्पताल की जांच में डेंगू निगेटिव पाए जा रहे हैं, वही प्राइवेट अस्पतालों में पॉजिटिव निकल रहे हैं। सीएचसी में आईवी सेट की सुविधा नहीं है। मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं और जांच भी बाहर करवानी पड़ रही है। मौसम परिवर्तन और अव्यवस्थित साफ-सफाई के कारण मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्थानीय निवासी फॉगिंग और नियमित सफाई की मांग कर रहे हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। मरीज के तीमारदार विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि सरकारी अस्पताल में बहुत कम सुविधाएं उपलब्ध हैं। अधिकांश सामान और दवाइयां बाहर से लानी पड़ रही हैं। अस्पतालों में बुखार से पीड़ित मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग को तत्काल इस स्थिति पर ध्यान देने की आवश्यकता है।



# अंबेडकर स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं का समापन

**साइकिल रैली और वरिष्ठ नागरिक एथलेटिक्स के विजेताओं को मिले पुरस्कार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, राष्ट्रीय खेल दिवस-2025 के अवसर पर जनपद के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने मुख्य अतिथि के रूप में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि मेजर ध्यानचंद की जयंती पर तीन दिवसीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अंडर-14 हॉकी और जूनियर भारोत्तोलन का आयोजन हुआ। 30 अगस्त को जूनियर बालक-बालिका एथलेटिक्स और 31 अगस्त को वरिष्ठ नागरिक पुरुष वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं हुईं। वरिष्ठ पुरुष वर्ग की 300 मीटर तेज चाल में वसीम अहमद ने प्रथम, अरुण श्रीवास्तव ने द्वितीय और रोहित जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एक किलोमीटर पैदल चाल में दिनेश सिंह, विजय सोनी और आशीष कसौधन क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। मोहम्मद शब्बीर और इंद्र प्रकाश को सांत्वना पुरस्कार मिले। कार्यक्रम में उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, मोहम्मद मोसर्रफ खान, कनिष्ठ सहायक शिव कुमार मौर्य और अंशकालिक प्रशिक्षक मोहम्मद आरिफ, मोना सिन्हा, लबली तिवारी, आरती सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।




# फौजियों को लात मारने वाले पुलिस कर्मियों पर हुई एफआईआर

**अलीगढ़ में पूर्व सैनिक और सेना के अधिकारी पहुंचे अतरौली, कार्रवाई के बाद ग्रामीण शांत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, अतरौली थाना क्षेत्र में फौजी भाइयों की गिरफ्तारी के बाद जमकर हंगामा हुआ। ग्रामीणों ने थाना घेर लिया और पूर्व सैनिक भी मौके पर पहुंच गए। पूर्व सैनिकों के साथ सेना के अधिकारी और सेना पुलिस भी अतरौली थाने पहुंच गई और अधिकारियों से सारे मामले की जानकारी ली। सैन्य अधिकारियों के आने की सूचना मिलने पर एसएसपी संजीव सुमन भी तत्काल अतरौली पहुंचे और उन्होंने सेना के अधिकारियों से बात की। उन्होंने फौजियों के मारपीट के साक्ष्य सैन्य अधिकारियों को दिखाए। लेकिन अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों की मारपीट के वीडियो भी एसएसपी को दिखाए। जिसके बाद एसएसपी ने आरोपी पुलिस कर्मियों पर एफआईआर के आदेश दिए हैं। अतरौली के नगाइचपाड़ा निवासी अमित सिंह और उनके भाई अजीत सिंह दोनों फौजी हैं और जम्मू में तैनात है। शनिवार को दोनों अपनी पत्नियों के साथ बाजार गए थे। इसी दौरान वह कस्बे की पुलिस चौकी में दो महीने पहले हुए एक झगड़े की जानकारी लेने के लिए पहुंच गए। यहां उनकी चौकी इंचार्ज से झड़प हो गई थी और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई थी। फौजी भाइयों ने जांच अधिकारी दरोगा संदीप सिंह, दरोगा सत्यप्रकाश और कांस्टेबल सुचेंद्र को जमकर पीटा था और घायल कर दिया था। उन्होने पुलिस कर्मियों के साथ बाजार में भी मारपीट की थी और वर्दी फाड़ दी थी। दरोगा के साथ मारपीट की सूचना पर अतरौली थाना प्रभारी सत्यवीर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे और बल प्रयोग करके दोनों फौजी भाइयों को गिरफ्तार कर लिया था। इस दौरान पुलिस ने बाजार में फौजी भाइयों को पीटा था और थाने ले आए थे। जिसके बाद पुलिस ने दरोगा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों फौजी भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। लेकिन ग्रामीणों ने इस घटना का वीडियो बना लिया था, जो जमकर वायरल हो रहा था। जिसके बाद ग्रामीणों ने रविवार को थाना घेर लिया। फौजी भाइयों की सपोर्ट में पूरा गांव थाने पहुंच गया था और जमकर नारेबाजी की। लोगों ने पुलिस मुदार्बाद के नारे लगाए और फौजी भाइयों को तत्काल रिहा करने की मांग भी की।



# बच्चा चोर समझकर युवक की पिटाई

**प्रेमिका के बेटे को ले जा रहा था युवक, पुलिस जांच में सच्चाई सामने आई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, मंडी चौराहे पर शनिवार सुबह एक युवक को भीड़ ने बच्चा चोर समझकर पीट दिया। युवक आठ वर्षीय बच्चे को गोद में लिए जा रहा था। बच्चे के रोने पर लोगों ने उसे घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। हाईवे पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और युवक व बच्चे को थाने ले गई। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान आगरा निवासी पवन के रूप में बताई। उसने बताया कि बच्चा हरियाणा के होडल की रहने वाली उसकी परिचित महिला का बेटा है। महिला और बच्चे के बीच विवाद होने की जानकारी मिलने पर वह मथुरा आया था। पुलिस ने बच्चे की मां को थाने बुलाया। महिला ने स्पष्ट किया कि युवक उसका परिचित है और बच्चा चोरी का कोई मामला नहीं है। उसने कहा कि युवक उसके बेटे को कहीं नहीं ले जा रहा था। हाईवे थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की सूचना होडल पुलिस को भी दी गई। महिला की ओर से कोई शिकायत नहीं मिलने पर युवक को छोड़ दिया गया। पुलिस ने लोगों से अपील की है



# मन की बात कार्यक्रम

**भाजपा कार्यालय में सैकड़ों कार्यकताओं ने सुना पीएम का संबोधन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, गौरीगंज स्थित भाजपा कार्यालय में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यालय में सैकड़ों भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी भाजपा नेताओं ने अपने कार्यालयों और आवास पर कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि मन की बात से प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जम्मू के एक युवा और उड़ीसा की एक महिला का उल्लेख किया। दोनों खेलो इंडिया के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री के संबोधन से किसान, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सहित समाज का हर वर्ग लाभान्वित होता है।



# नगर पालिका कर्मचारी से मारपीट का मामला

**पाइप लाइन मरम्मत के दौरान जातिसूचक टिप्पणी और हमला, 5 दिन बाद एफआईआर दर्ज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, नगर पालिका परिषद के जल-कल विभाग के एक कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 26 अगस्त को गोलाघाट मोहल्ले की पीपल वाली गली में हुई। पांच दिन के धरना-प्रदर्शन के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। पाइप लाइन फिटर कुंवर प्रताप सिंह अपने दो बेलदारों सत्यप्रकाश सोनी और सुभाष यादव के साथ पानी की लीकेज की मरम्मत कर रहे थे। स्थानीय निवासी बृजेश उपाध्याय ने गड्ढा खोदने का कारण पूछा। इसके बाद उन्होंने कुंवर प्रताप को थप्पड़ मारा। उपाध्याय ने लात-मुक्कों से पिटाई की और जातिसूचक गालियां दीं। आरोपी ने पीड़ित का गला भी दबाया। मौके पर मौजूद बेलदारों के हस्तक्षेप से कुंवर प्रताप की जान बची। बृजेश उपाध्याय ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के गली में काम नहीं करने देंगे। कुंवर प्रताप सिंह सिविल लाइन नगर पालिका कैम्पस सुलतानपुर के निवासी हैं। उन्होंने अपने अधिकारी और स्थानीय सभासद प्रवीण मिश्र के आदेश पर यह कार्य किया था। पीड़ित ने घटना की सूचना विभागीय उच्चाधिकारियों को दी। शनिवार को नगर पालिका में प्रदर्शन के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।




स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A - 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी